रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 162] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 18, 2015/ज्येष्ठ 28, 1937
No. 162] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 18, 2015/JYAISTHA 28, 1937

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 जून, 2015

(अंतिम जाँच परिणाम)

विषय : चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य के मूल के अथवा वहां से निर्यातित कास्टिक सोडा के आयातों से संबंधित निर्णायक समीक्षा (एसएसआर) पाटनरोधी जाँच

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

फा. संख्या 15/23/2013-डीजीएडी.—निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात प्राधिकारी भी कहा गया है) ने दिनांक 14 मई, 2002 की अधिसूचना सं. 15/23/2013-डीजीएडी द्वारा चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध देश भी कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "कास्टिक सोडा" (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध वस्तु कहा गया है) के आयातों से संबंधित मूल जाँच की शुरूआत की थी। प्राधिकारी ने 4 अगस्त, 2003 की अधिसूचना सं. 14/10/2002-डीजीएडी द्वारा अंतिम जाँच परिणाम जारी किए थे जिनमें केन्द्र सरकार से संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई। केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 23 सितम्बर, 2003 की अधिसूचना सं. 142/2003-सीमाशुल्क द्वारा संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सभी आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लागू किया गया था।

2. यत: अधिनियम के अनुसार, लागू पाटनरोधी शुल्क को यदि पहले हटाया न जाए तो उसे लागू किए जाने की तारीख से पाँच वर्षों के बीत जाने पर समाप्त हो जाता है।

3. और, उक्त प्रावधान के होते हुए भी, प्राधिकारी के लिए उपास की अवधि समाप्त होने की तारीख से पहले तर्कसंगत अवधि के भीतर घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किए गए विधिवत रूप से साक्ष्यांकित अनुरोध के आधार पर इस बात की समीक्षा करना अपेक्षित है कि क्या शुल्क की समाप्ति से पाटन और क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

4. यत: संबद्ध देशों के विरूद्ध इस प्रकार से लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा की शुरूआत प्राधिकारी द्वारा की गई थी और दिनांक 21 नवम्बर, 2008 की अधिसूचना सं. 15/11/2007-डीजीएडी द्वारा संशोधित शुल्क की अवधि बढाने की सिफारिश करने वाल अंतिम जाँच परिणाम जारी किए गए थे। केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 26 दिसम्बर, 2008 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं. 137/2008-सीमाशुल्क द्वारा संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु पर पाटनरोधी शुल्क की अवधि को बढाया गया था।

5. यत: प्राधिकारी द्वारा कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब और यूएसए से संबद्ध वस्तु के आयातों के विरूद्ध मध्यावधि समीक्षा जाँच की गई थी और दिनांक 7 जुलाई, 2011 की अंतिम जाँच परिणाम अधिसूचना सं. 15/2/2010-डीजीएडी द्वारा संशोधित पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की गई थी। केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 3 अक्तूबर, 2011 की अधिसूचना सं. 95/2011-सीमाशुल्क द्वारा संशोधित निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लागू किया गया था।

6. यत:, मै. अल्कली मेन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएमएआई) (जिसे एतद्पश्चात आवेदक या याचिकाकर्त्ता या घरेलू उद्योग भी कहा गया है) ने भारत में घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हुए कास्टिक सोडा के विनिर्माताओं की ओर से, चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य के मूल की अथवा वहां से निर्यातित कास्टिक सोडा के आयातों पर पहले लागू पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा का अनुरोध करते हुए एक विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन प्राधिकारी को प्रस्तुत किया है और संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की मांग की है। यह अनुरोध इस कारण पर आधारित है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क के लागू रहने के बावजूद पाटन जारी है और घरेलू उद्योग को संबद्ध देशों से पाटन के कारण क्षति होना जारी है क्योंकि लागू पाटनरोधी शुल्क का रूप और राशि अपर्याप्त है। आवेदकों ने यह भी तर्क दिया है कि संबद्ध देशों के विरूद्ध उपाय की अवधि समाप्त होने से पाटन के जारी रहने और उसकी पुनरावृत्ति होने और घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है।

7. घरेलू उद्योग की ओर से प्रस्तुत पाटन और क्षति के प्रथम दृष्टया साक्ष्य वाले विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन और पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9 क (5) के अनुसार प्राधिकारी ने दिनांक 19 दिसम्बर, 2013 की अधिसूचना सं. 15/23/2013-डीजीएडी द्वारा निर्णायक समीक्षा जाँच की शुरूआत की ताकि संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के संबंध में लागू शुल्कों को जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा की जा सके और इस बात की जाँच की जा सके कि क्या ऐसे शुल्क की समाप्ति से पाटन के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने और घरेलू उद्योग को क्षति होने की आशंका है।

8. वर्तमान समीक्षा के कार्यक्षेत्र में संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित पूर्ववर्ती जाँचों के सभी पहलू शामिल हैं।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

9. इस जांच में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

i. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के अनुसार जांच की शुरूआत करने से पहले संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटन के आरोप वाले आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों को अधिसूचित किया।

ii. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में निर्णायक समीक्षा पाटनरोधी जाँच की शुरूआत करने के लिए भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित दिनांक 19 दिसम्बर, 2013 की सार्वजनिक सूचना सं. 15/23/2013-डीजीएडी जारी की।

iii. प्राधिकारी ने सभी ज्ञात निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षों/उद्योग एसोसिएशनों (जिनके ब्योरे घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए) को सार्वजनिक सूचना की प्रति के साथ एक पत्र भेजा और पाटनरोधी नियमों के अनुसार विहित समय-सीमा के भीतर लिखित में अपने दृष्टिकोण रखने का उन्हें अवसर दिया।

iv. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली 6(3) के अनुरूप संबद्ध देशों के ज्ञात निर्यातकों तथा संबद्ध देश के दूतावास को इन आवेदनों के अगोपनीय पाठ की प्रतियां उपलब्ध कराई थी। आवेदन अगोपनीय अंश की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में भी उपलब्ध कराई गई और अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दी गई।

v. संबद्ध देशों के निर्यातकों/उत्पादकों को भेजे गए पत्र और निर्यातक प्रश्नावलियों की प्रतियां ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों की एक सूची के साथ-साथ भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों को भी भेजी गई थीं और उनसे संबद्ध देशों के ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों तथा संबद्ध देशों से अन्य निर्यातकों/उतपादकों को भी नियम 6(2) एवं 6(4) के अनुसार पत्र जारी किए जाने की तारीख से विहित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह देने का अनुरोध किया गया।

vi. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के अनुसार संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों से संगत सूचना मंगाने के लिए निर्यातक प्रश्नावली भेजी

i. हानवा कैमिकल कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य

ii. डीसी कैमिकल्स लिमिटेड, कोरिया गणराज्य

iii. शंघाई क्लोर कल्कली, चीन जन. गण.

vii. चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों/व्यापारियों से प्रश्नावली का उत्तर प्राप्त हुआ था:

क. तियाजिन दागु इंटरनेशनल कार्पोरेशन, चीन जन. गण. (निर्यातक)

ख. ट्रिकॉन एनर्जी लि., यूएसए (निर्यातक)

ग. ट्रिकॉन ओवरसीज इंक, चीन जन. गण. (निर्यातक)

घ. तियाजिन दागु कैमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण. (निर्यातक)

ङ. हानवा कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य (निर्यातक)

च. शंघाई क्लोर-अल्कली कैमिकल कं. लि., चीन जन. गण. (निर्यातक)

छ. हानवा कैमिकल कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य (निर्यातक)

viii. इस प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/उपभोक्ताओं (जिनके नाम एवं पते आवेदक द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराये गए थे) को सार्वजनिक सूचना की प्रतियां अग्रेषित की तथा उन्हें सलाह दी कि नियम 6(4) के अनुरूप इस पत्र के जारी होने की तिथि से चालीस (40) दिनों के भीतर लिखित रूप में अपने दृष्टिकोण से अवगत करायें:

i. अभय कैमिकल्स लिमिटेड, गुजरात

ii. अलब्राइट मिल्सन कैमिकल्स लिमिटेड, मुम्बई

iii. अरविन्द मिल्स लिमिटेड, गुजरात

iv. बिरला सेल्युलोस लिमिटेड, गुजरात

v. सेन्ट्रल पल्प मिल्स लिमिटेड, नई दिल्ली

vi. दीपक नाइट्राइट लिमिटेड, गुजरात

vii. गोदरेज सोप्स लिमिटेड, मुम्बई

viii. गुजरात नर्मदा फर्टिलाइजर एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड, गुजरात

ix. गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड, गुजरात

x. इंडिया फार्मर फर्टिलाइजर को-आप लिमिटेड, कस्तूरीनगर

xi. इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, गुजरात

xii. जयसिंथ डाइकेम लिमिटेड, मुम्बई

xiii. लिंक फार्मा लिमिटेड, गुजरात

xiv. मेघमनी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, गुजरात

xv. नर्मदा केमाच्योर पेट्रोकैमिकल्स लि., गुजरात

xvi. निरमा लिमिटेड, गुजरात

xvii. ऑल इंडिया बायोटेक एसोसिएशन, नई दिल्ली

xviii. ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन, नई दिल्ली

xix. ऑल इंडिया फ्लेट ग्लास मेन्युफैक्चर्स, नई दिल्ली

xx. ऑल इंडिया फूड प्रीजर्वर्स एसोसिएशन, नई दिल्ली

xxi. ऑल इंडिया मोडर टेक्सटाइल, तमिलनाडु

xxii. ऑल इंडिया प्लास्टिक्स मेन्युफैक्चर्स एसोसिएशन, मुम्बई

xxiii. ऑल इंडिया स्ट्रेच मेन्युफैक्चर्स एसोसिएशन प्रा. लि., मुम्बई

xxiv. कैमिकल्स एण्ड पेट्रोकैमिकल्स, नई दिल्ली

xxv. कंपाउंड लाइवस्टाक फीड मेन्युफैक्चर्स एसोसिएशन आफ इंडिया, मुम्बई

xxvi. कनफेडरेशन ऑफ इंडियन अल्कोहलिक बीवरेज कंपनीज, नई दिल्ली

xxvii. फेडरेशन आफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज, नई दिल्ली

xxviii. फर्टिलाइजर एसोसिएशन आफ इंडिया, नई दिल्ली

xxix. इंडियन ड्रग मेन्युफैक्चर्स एसोसिएशन, मुम्बई

xxx. इंडियन पेपर मेन्युफैक्चर्स एसोसिएशन, नई दिल्ली

xxxi. इंडियन सोप एण्ड टायलेटरीज एसोसिएशन, मुम्बई

xxxii. इंडियन सुगर मिल्स एसोसिएशन, नई दिल्ली

xxxiii. भारतीय भेषज उत्पादक संगठन, मुम्बई

xxxiv. सोयबीन प्रासेसर्स एसोसिएशन आफ इंडिया, इंदोर

xxxv. पैब कैमिकल्स (पी) लिमिटेड, गुजरात

xxxvi. रामा न्यूजप्रिंट एंड पेपर्स, गुजरात

xxxvii. सबेरो आर्गेनिक्स लिमिटेड, मुम्बई

xxxviii. टोरेंट गुजरात बायोटेक लिमिटेड, गुजरात

xxxix. ट्रांसमेक सिलाक्स इंइस्ट्रीज लिमिटेड, गुजरात

xl. नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड, ओडिशा

xli. साइनाइड्स एण्ड कैमिकल्स कंपनी, मुम्बई

xlii. हित्सु इंइस्ट्रीज लिमिटेड, गुजरात

xliii. अदानी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, गुजरात

xliv. अदानी विल्मर लिमिटेड, गुजरात

xlv. लिब्रा फोम्स, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)

xlvi. श्री रामचन्द्र सट्रा प्रॉडक्ट्स लि., मुरादाबाद (उ.प्र.)

xlvii. बिलाग इंइस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, गुजरात

xlviii. दौराला आर्गेनिक्स लिमिटेड, नई दिल्ली

xlix. सीजे शाह एंड कं., मुम्बई

l. हरीश कुमार एंड कंपनी, मुम्बई

li. हिन्दुस्तान लिंक एंड रेजिन्स लिमिटेड, गुजरात

lii. हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड, मुम्बई

liii. ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टर प्रिंटर्स, नई दिल्ली

ix. किसी भी आयातक से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ । तथापि, संदीप आर्गेनिक्स प्रा. लि., मुम्बई से अनुरोध प्राप्त हुआ है।

x. वर्तमान समीक्षा जांच के उद्देश्य से जांच की अवधि (पीओआई) 1 अक्तूबर, 2012 से 30 सितम्बर, 2013 तक है। हानि संबंधी विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में 2010 - 2011, 2011 - 2012, 2012- मार्च 2013 की अवधि तथा जांच की यह अवधि शामिल है।

xi. वाणिज्य आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) से सौदा-वार आयात आकड़ों को प्राप्त किया गया। तथापि, यह पाया गया कि डी जी सी आई एंड एस के आंकड़ों में बताई गई आयात की मात्रा याचिकाकर्त्ता द्वारा अपनाए गए स्रोत आईबीआईएस में बताई गई आयातों की मात्रा से 15 प्रतिशत कम थी। अत: आईबीआईएस में बताई गई आयात की मात्रा और मूल्य को वर्तमान निर्धारण के लिए अपनाया गया है।

xii. निर्यातक, उत्पादक, आयातक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों, जिन्होंने इस प्राधिकारी को न तो उत्तर दिया है और न ही इस जांच से संबंधित सूचना दी है, को प्राधिकारी द्वारा असहयोगी हितबद्ध पक्षकारों के रूप में माना गया है।

xiii. प्राधिकारी ने नियम के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों द्वारा जांच हेतु रखी गई सार्वजनिक फाईल के रूप में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य को अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया।

xiv. प्राधिकारी ने उत्पादन की लागत तय करने तथा अपनी सतत रीतियों के अनुसार भारत से संबद्ध वस्तुओं का क्षति रहित मूल्य का निर्धारण करने जिससे इस बात की जांच की जा सके कि पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा, हेतु नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर संभव सीमा तक घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच की है।

xv. नियमावली के अनुसार, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 15 सितम्बर, 2014 को आयोजित आम सुनवाई में अपना दृष्टिकोण मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। सुनवाई में भाग लेने वाले सभी

हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने अनुरोध/खंडनों को लिखित रूप में प्रस्तुत करें।

xvi. इस जाँच के दौरान हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों पर इस जाँच परिणाम में संगत पाई गई सीमा तक जाँच और उनका समाधान किया गया ।

xvii. घरेलू उद्योग और प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना और आंकड़ों का आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन किया गया था।

xviii. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जांच उनके गोपनीयता के दावे के पर्याप्त होने के संबंध में की गई। संतुष्ट होने पर इस प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक हुआ गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय माना गया है और उसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं बताया गया है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया है कि वे गोपनीय आधार पर दी गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय भाग उपलब्ध करायें।

xix. जहां भी किसी हितबद्ध पक्ष ने वर्तमान जाँच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना जुटाने से मना किया अथवा उसे अन्यथा उपलब्ध नहीं कराया या जांच में अत्यधिक बाधा डाली तो प्राधिकारी ने अपने पास "उपलब्ध तथ्यों" के आधार पर अपने विचार/समुक्तियां दर्ज की हैं और ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है।

xx. केन्द्र सरकार ने प्राधिकारी के अनुरोध पर जाँच को पूरा करने की समयावधि को 18.6.2015 तक बढा दिया।

xxi. संबंधित नियमावली के अनुसार प्राधिकारी के विचाराधीन अनिवार्य तथ्यों वाले प्रकटन विवरण जो इस जाँच में अंतिम जाँच परिणामों का आधार होंगे को 11.06.2015 को जारी किया। हितबद्ध पक्षकारों ने उसके संबंध में टिप्पणियां प्रस्तुत की और संगत अनुरोधों का अंतिम जाँच परिणाम अधिसूचना में समाधान और जाँच की गई है।

xxii. इस निष्कर्ष में *** किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना तथा नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार से विचार किये जाने का द्योतक है।

xxiii. पीओआई के लिए विनियम दर इस प्राधिकारी द्वारा 57.14 रुपया = 1 अमरीकी डॉलर के रूप में लिया गया है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद का दायरा और समान वस्तु</u>

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

10. विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. यहां पर विचाराधीन उत्पाद सभी प्रकार का कास्टिक सोडा है। कास्टिक सोडा को रासायनिक रूप से एनएओएच या सोडियम हाइड्रॉक्साइड के रूप में जाना जाता है। कास्टिक सोडा एक साबुनी, अधिक अल्कलाइन गंधरहित द्रव होता है जिसका प्रयोग अनेक उद्योगों द्वारा या तो कच्ची सामग्री के रूप में या सहायक रसायन के रूप में किया जाता है। कास्टिक सोडा को दो रूपों- लाई और ठोस में उत्पादित किया जाता है। ठोस फ्लेक्स, प्रिल्स, दानों या किसी अन्य रूप में हो सकता है।

ii. चूंकि वर्तमान जाँच पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने के लिए निर्णायक समीक्षा जाँच हैं, इसलिए विचाराधीन उत्पाद वही है जो मूल जाँच में और पूर्ववर्ती निर्णायक समीक्षा जाँच में रहा था।

iii. कास्टिक सोडा का प्रयोग मुख्यत: पल्प और कागज, अखबारी कागज, विस्कोस यार्न, स्टेपल फाइबर, एल्युमिनियम, कपास, वस्त्र, प्रसाधन और लाउंड्री साबुन, डिटरजेंट, डाईस्टफ, औषध और भेषज, पेट्रोलियम शोधन आदि के विनिर्माण में होता है।

iv. भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से निर्यातित कास्टिक सोडा के बीच कोई अंतर नहीं है। ये दोनों भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया ओर प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय है।

v. यद्यपि, कास्टिक सोडा का विश्वभर में तीन प्रौद्योगिकियों या प्रक्रियाओं के माध्यम से उत्पादित किया जा रहा है, तथापि इसके परिणामस्वरूप उत्पाद की भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, उत्पाद विनिर्देशनों, विपणन, कीमत निर्धारण, उपभोक्ता अवधारणा, टैरिफ वर्गीकरण आदि की दृष्टि से भिन्न उत्पाद उत्पादित नहीं होता है।

vi. घरेलू उद्योग और संबद्ध देशों द्वारा लगाई गई प्रौद्योगिकी में कोई खास अंतर नहीं है। तथापि, प्रत्येक विनिर्माता आवश्यकताओं और उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं को दुरूस्त करता है। इसके अलावा, मेम्बरेन प्रौद्योगिकी अद्यतन प्रौद्योगिकी है और भारत में अधिकांश संयंत्रों के पास यह प्रक्रिया है। अत: घरेलू उद्योग के पास तुलनीय प्रौद्योगिकी है।

<u>उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों के अनुरोध</u>

11. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा कोई संगत अनुरोध नहीं किये गए हैं।

<u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

12. मूल जाँच, पूर्ववर्ती निर्णायक समीक्षा तथा वर्तमान एसएसआर जाँच में विचाराधीन उत्पाद सभी प्रकार और रूप का कास्टिक सोडा है। इस उत्पाद को कास्टिक सोडा के रूप में जाना जाता है। कास्टिक सोडा को रासायनिक रूप से एनएओएच के रूप में जाना जाता है। कास्टिक सोडा एक साबुनी, अधिक अल्कलाइन गंधरहित द्रव होता है जिसका व्यापक रूप से प्रयोग अनेक उद्योगों द्वारा या तो कच्ची सामग्री के रूप में या सहायक रसायन के रूप में किया जाता है। कास्टिक सोडा को दो रूपों- लाई और ठोस में उत्पादित किया जाता है। ठोस फ्लेक्स, प्रिल्स, दानों या किसी अन्य रूप में हो सकता है।

13. संबद्ध वस्तु के संबंध में की गई पूर्ववर्ती निर्णायक समीक्षा जाँच में, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद और उसके दायरे को निम्नानुसार परिभाषित किया था:

"वर्तमान मामले में विचाराधीन उत्पाद कास्टिक सोडा है, जिसे रासायनिक रूप से एनएओएच के रूप में जाना जाता है। चूंकि यह निर्णायक समीक्षा जाँच हैं, इसलिए विचाराधीन उत्पाद वही है जो मूल जाँच में रहा है। मूल जाँच के अंतिम जाँच परिणाम में निर्दिष्ट प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया है:

वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद सोडियम हाइड्रोक्साइड है (रासायनिक नाम एनएओएच), जिसे आम तौर पर कास्टिक सोडा के रूप में जाना जाता है, जो कोरिया गणराज्य और चीन जन. गण. के मूल का अथवा वहां से निर्यातित है। कास्टिक सोडा एक अकार्बनिक, साबुनी, अधिक अल्कलाइन और गंधरहित रसायन है।

कास्टिक सोडा को सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 28 के अंतर्गत सीमाशुल्क शीर्ष 2815.11 और 2815.12 वर्गीकृत किया जाता है। आईटीसी 8-अंकीय वर्गीकरण के अनुसार, इस उत्पाद को सीमाशुल्क शीर्ष 2815.1101, 2815.1102 और 2815.1200 के तहत वर्गीकृत किया जाता है।

कास्टिक सोडा को तीन प्रौद्योगिकीय प्रक्रियाओं अर्थात मरकरी सेल प्रक्रिया, डायफ्रेम प्रक्रिया और मेम्बरेन प्रक्रिया द्वारा दो रूपों अर्थात लाई और ठोस रूप में उत्पादित किया जाता है। द्रव रूप को ठोस रूप से ढका जा सकता है और ठोस रूप को आसानी से उत्पाद की रासायनिक विशेषताओं में कोई परिवर्तन किए बिना द्रव में पुन: बदला जा सकता है। ठोस रूप के भण्डारण और परिवहन में आसानी होती है जबकि द्रव रूप आसानी से घुल जाता है। अंतिम प्रयोग के लिए दोनों रूप प्रतिस्थापनीय और अंतर स्थापनीय हैं। घरेलू उद्योग कास्टिक सोडा का उत्पादन दो रूपों में करता है और वे संबद्ध देशों से आयातों के तुलनीय हैं और इसलिए नियमावली के नियम 2(घ) के अर्थ के भीतर उन्हें समान वस्तु माना जा रहा है।"

14. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु और संबद्ध देशों से भारत में आयातित संबद्ध वस्तु पाटनरोधी नियमावली के अर्थ के भीतर समान वस्तुएं हैं। संबद्ध देशों से आयातित और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु में भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन और वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण आदि जैसी अनिवार्य उत्पाद विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय हैं, यह कि उपभोक्ता इन दोनों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग करते हैं और यह कि ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। जाँच के बाद प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पंहुचे हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु, संबद्ध देश से आयातित संबद्ध वस्तु के समान वस्तु है।

घ. घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति

उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों के अनुरोध

15. घरेलू उद्योग के दायरे और उसकी स्थिति के संबंध में उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

a. जाँच शुरूआत संबंधी अधिसूचना के अनुसार घरेलू उद्योग में दो उत्पादक अर्थात डीसीएम श्रीराम कंसोलिडेटिड लिमिटेड, नई दिल्ली और गुजरात अल्कलीज एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड, बदोदरा शामिल हैं। तथापि, याचिका के अगोपनीय अंश में दो के विपरीत घरेलू उद्योग के चार सदस्यों के लिए सूचना दी गई है।

b. सार्वजनिक सुनवाई में निर्दिष्ट प्राधिकारी ने स्पष्ट किया कि घरेलू उद्योग को जाँच शुरूआत संबंधी अधिसूचना के अनुसार और न कि याचिका के अनुसार परिभाषित किया गया है।

c. चूंकि घरेलू उद्योग में जाँच शुरूआत और याचिका में अंतर है इसलिए नियम 5 के अंतर्गत पर्याप्तता और सटीकता जो इसमें आवश्यक है से समझौता किया जाता है। इस प्रकार, जाँच शुरूआत स्वयं में ही कानून के प्राधिकार के बिना है क्योंकि पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत (नियम 5) की अनिवार्य अपेक्षा का प्रथम दृष्टया उल्लंघन किया गया है।

d. वैकल्पिक रूप से, यह तर्क दिया जा सकता है कि घरेलू उद्योग के दो सदस्यों के लिए क्षति संबंधी आंकड़ों को एक आवेदन में प्रस्तुत किया और उनका विश्लेषण किया गया। उस मामले में, हितबद्ध पक्षों के लिए परिचालित आवेदन गलत आवेदन है जो पाटनरोधी नियमावली के नियम 6 का स्पष्ट उल्लंघन है।

e. निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात की जाँच अवश्य करनी चाहिए कि क्या नियम 5 (3)(क) का उल्लंघन उस सीमा तक किया गया कि सटीकता और पर्याप्तता की जाँच प्राधिकारी के समक्ष घरेलू उद्योग का भाग बनने वाले नामित घटकों की दृष्टि ये की गई है।

f. प्राधिकारी को इस बात की जाँच अवश्य करनी चाहिए कि क्या नियम 6 का उल्लंघन इस सीमा तक हुआ है कि क्षति मापदंडों की जाँच घरेलू उद्योग को बनाने वाले घटकों के गलत नामों के संबध में की गई है और हितबद्ध पक्षों को याचिका गलत अंश का परिचालन किया गया है।

g. डीसीडब्ल्यू, रिलायंस और कैमप्लास्ट सनमार ही ऐसे भारतीय उत्पादक हैं जो रेल के माध्यम से भारी मात्रा की आपूर्ति करने में समर्थ हैं। ये सब मिलकर पूर्वी तट पर तीन उपभोक्ताओं की कुल जरूरत के केवल ¼ या 1,20,000 मी.टन को ही पूरा कर सकते हैं।

घरेलू उद्योग के अनुरोध

16. घरेलू उद्योग के दायरे और उसकी स्थिति के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग का दायरा और उसकी स्थिति निर्णायक समीक्षा में संगत नहीं होते हैं। इसके होते हुए भी, याचिकाकर्त्ता पीओआई में भारतीय उत्पादन का प्रमुख हिस्सा रखते हैं और इसलिए वे घरेलू उद्योग हैं।

ii. यह याचिका अल्कली मेन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (एएमएआई) द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ता कंपनियों (एएमएआई के सदस्य) का भारतीय उत्पादन का प्रमुख हिस्सा अर्थात 42.44 प्रतिशत हिस्सा बनता है। इस प्रकार, याचिकाकर्त्ता कंपनियां नियमावली के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग हैं।

iii. याचिका में स्पष्ट रूप से सभी चार कंपनियों अर्थात डीसीडब्ल्यू लिमिटेड, एसआईईएल कैमिकल काम्प्लैक्स, डीसीएम श्रीराम कंसोलिडेटिड लिमिटेड और गुजरात अल्कलीज एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड के नाम बताये गये हैं। उन सभी ने वर्तमान मामले में सूचना उपलब्ध कराई है और निर्दिष्ट प्राधिकारी ने जाँच शुरूआत की सूचना में उसका उल्लेख किया है। जाँच शुरूआत संबंधी सूचना के पैरा 6 का उल्लेख केवल टंकण की त्रुटि है।

iv. नियम 5 समीक्षा के स्तर पर लागू नहीं होता है जैसा कि नियम 23 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

v. प्राधिकारी ने इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है कि घरेलू उद्योग में दो उत्पादक शामिल हैं। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षों से केवल उनके विवरण का आधार स्पष्ट करने के लिए कहा है।

vi. पूर्व में तीन उपभोक्ताओं के जरूरत के ¼ को भारतीय उत्पादकों द्वारा पूरा किए जाने के तर्क के संबध में, यह स्पष्ट है कि यह एक गलत तर्क है। देश में 15 उत्पादकों द्वारा एल्युमिनियम उद्योग को सामग्री की आपूर्ति की जाती है। इसके अलावा उन कंपनियों को संयुक्त उत्पादन एल्युमिनियम उद्योग की 447,516 मी. टन की जरूरत के मुकाबले 1,36,686 मी. टन है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

17. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में निम्नानुसार उल्लेख है:

"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।

18. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह आवेदन अल्कली मेन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (एएमएआई) द्वारा दायर किया गया और चार कंपनियों अर्थात डीसीडब्ल्यू लिमिटेड, एसआईईएल कैमिकल काम्प्लैक्स, डीसीएम श्रीराम कंसोलिडेटिड लिमिटेड और गुजरात अल्कलीज एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड द्वारा समर्थित है।

19. जहां तक इस तर्क का संबध है कि याचिका चार के बजाय दो उत्पादकों द्वारा की गई है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह आवेदन अल्कली मेन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन आफ इंडिया द्वारा घरेलू उत्पादकों की आरे से किया गया है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि मामले के तथ्य और रिकॉर्ड की सूचना यह स्पष्टत: सिद्ध करती है कि याचिका चार उत्पादकों द्वारा दायर की गई थी। याचिका का अगोपनीय अंश दो के विपरीत चार घरेलू उद्योग के सदस्यों के लिए जानकारी देता है और याचिका का यह अगोपनीय अंश सावर्जनिक फाइल में रखा गया है जिसे हितबद्ध पक्षों द्वारा देखा जा सकता है। इस तथ्य को पहले ही विरोधी हितबद्ध पक्षों ने स्वीकार किया है। जाँच की शुरूआत चार घरेलू उत्पादकों के उत्पादन संबंधी आंकड़ों पर आधारित थी और यद्यपि जाँच शुरूआत संबंधी अधिसूचना में केवल उन्ही दो प्रमुख उत्पादकों के नाम दिए गए थे जिनका चार उत्पादकों के कुल उत्पादन में प्रमुख प्रतिशत हिस्सा बनता था। प्राधिकारी ने विहित प्रपत्र के साथ भारत में संबद्ध वस्तु के इन ज्ञात घरेलू उतपादकों को सार्वजनिक सूचना की एक प्रति भेजी थी और उन्हें क्षति निर्धारण के लिए संगत सूचना देने की सलाह दी तथा विहित समय-सीमा के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने के लिए कहा। यद्यपि इन कंपनियों ने याचिका का समर्थन किया और उन्होंने क्षति निर्धारण करने के लिए संगत सूचना भी प्रस्तुत की। तदनुसार,चार उत्पादकों के लिए लागत निर्धारण सूचना प्रस्तुत की गई और उसमें स्थिति संबंधी अपेक्षा को पूरा किया गया और वह जाँच शुरूआत के स्तर पर घरेलू उद्योग बनाते थे। सभी चार घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत सूचना का प्राधिकारी द्वारा संगत समझी गई सीमा तक सत्यापन किया गया है।

20. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच शुरूआत और याचिका में घरेलू उद्योग समान है। अत: नियम 5 सहित नियमों का सटीक अनुपालन किया गया है। जाँच शुरूआत के स्तर पर प्राधिकारी के लिए स्वयं को प्रथम दृष्टया जाँच शुरूआत की जरूरत से संतुष्ट करना था। प्राधिकारी के पास जाँच शुरूआत के सूतर पर वह सभी सूचना नहीं हो सकती है जिसकी अंतिम निर्धारण के लिए जरूरत हो। जाँच शुरूआत का उद्देश्य सभी हितबद्ध पक्षों को संगत सूचना प्रदान करने का अवसर देना है। प्राधिकारी सूचना प्रदान करने का अवसर देने के बाद ही निर्धारण कर सकते हैं और सभी हितबद्ध पक्षों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है।

21. क्षेत्रीय आधार पर देश के भीतर मांग-आपूर्ति के असंतुलन के तर्क के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य वस्तु के अनुचित पाटन का समाधान करना है। इसका प्रयोजन का घरेलू उद्योग के लिए संरक्षणात्मक उपाय के रूप में प्रयोग नहीं किया जाएगा परंतु बजाय इसके इससे आयात और घरेलू उद्योग को हुई क्षति नियंत्रित होंगे।

22. डीजीसीआईएण्डएस से प्राधिकारी द्वारा ली गई आयात संबंधी सूचना मै. हिंडाल्को लिमिटेड द्वारा कास्टिक सोडा के 27973 मी. टन. को दर्शाती है। इसके अलावा यह नोट किया जाता है कि कास्टिक सोडा के निम्नलिखित घरेलू उत्पादक मै. हिंडाल्को लि. की समूह कंपनियां हैं। हिंडाल्कों द्वारा किए गए आयात इन कंपनियों में से कुछ के उत्पादन के संबंध में काफी अधिक हैं।इसके अलावा,इन कंपनियों ने कास्टिक सोडा के आयात के लिए कोई संभव कारण नहीं बताया है जबकि ये कंपनियां

बाजार में कास्टिक सोडा का उत्पादन कर रही और उसे बेच रही हैं । अत: प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (ख) के अर्थ के भीतर इन कंपनियों को पात्र घरेलू उद्योग नहीं माना है।

23. भागीदार कंपनियों का उत्पादन, भारतीय उत्पादन, पात्र घरेलू उद्योग का उत्पादन और भारतीय उत्पादन में भागीदार कंपनियों को हिस्सा निम्नानुसार है:

भारत में कास्टिक सोडा के उत्पादन का ब्योरा

विवरण	इकाइयां	2010-11	2011-12	2012-13	पीओआई
भारतीय उद्योग का कुल उत्पादन (एसोसिएशन-एएमएआई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार)	**मी. ट.**	24,02,325	25,03,623	24,87,993	25,26,029
भागीदार कंपनियों का उत्पादन					
एसआईईएल	**मी. ट.**	60,830	61,959	66,755	65,784
डीएससीएल, झागडिया	**मी. ट.**	1,32,758	1,27,506	1,34,850	1,45,177
डीएससीएल, कोटा	**मी. ट.**	77,010	1,08,796	1,12,348	1,12,987
जीएसीएल, बड़ौदा	**मी. ट.**	1,69,924	1,58,515	1,58,331	1,53,199
जीएसीएल, दाहेज	**मी. ट.**	2,38,643	2,18,666	2,00,920	2,05,001
डीसीडब्ल्यू	**मी. ट.**	81,684	90,569	72,526	76,820
कुल		7,60,850	7,66,012	7,45,730	7,58,967
भागीदार कंपनियों का हिस्सा	%	31.67	30.60	29.97	30.05

24. भारतीय उत्पादन, पात्र कंपनियों का उत्पादन और भागीदार कंपनियों का उत्पादन निम्नानुसार है:

विवरण	आबद्ध खपत सहित (मी.ट. में)	आबद्ध खपत से इतर (मी.ट. में)
सकल भारतीय उत्पादन	2,526,029	2,393,514
अपात्र कंपनियों का उत्पादन	605,050	605,050
पात्र कंपनियों का उत्पादन	1,920,979	1,788,465
भागीदार कंपनियों का उत्पादन	758,967	758,967
निम्न में भागीदार कंपनियों का हिस्सा		
सकल भारतीय उत्पादन	30.05 %	31.71 %
पात्र कंपनियों का उत्पादन	39.51 %	42.44 %

25. अत: यह देखा जाता है कि भागीदार कंपनियों का उत्पादन सभी स्थितियों में भारतीय उत्पादन का प्रमुख हिस्सा बनता है।

26. नियमावली को ध्यान में रखते हुए और विभिन्न स्थितियों में भागीदार कंपनियों के उत्पादन पर विचार करते हुए, प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि भागीदार कंपनियों का भारतीय उत्पादन में प्रमुख हिस्सा बनता है। अत: भागीदार कंपनियां नियमावली के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग हैं।

उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों के अनुरोध

27. निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों ने निम्नानुसार तर्क दिए हैं:

h. वर्तमान याचिका को अत्यधिक गोपनीयता के कारण रद्द कर दिया जाना चाहिए।

i. लागत से संबंधित सूचना सारांश रूप में नहीं दी गई है। याचिका के लागत निर्धारण खंड के भाग के रूप में कोई सूचीबद्ध या रेंज के आंकड़े नहीं दिए गए हैं।

घरेलू उद्योग के अनुरोध

28. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. समान विधि फर्म से आए प्रश्नावली के उत्तर में मूल्यह्रास और संगत सूचना के प्रकटन में कमियां हैं। यह निर्यातकों द्वारा दावा की जा रही गोपनीयता के तरीके का विचित्र उदाहरण है। कुछ निर्यातकों के उत्तर में पर्याप्त सूचना के संबंध में गोपनीयता के अपनाये जाने का कोई संतोषजनक कारण नहीं बताया गया है।

ii. याचिका के अगोपनीय अंश में प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई प्रकियाओं के अनुसार प्रकटन किए जाने के लिए अपेक्षित समस्त सूचना दी गई है। वस्तुत,निर्यातकों ने अगोपनीय अंश में पर्याप्त सूचना प्रस्तुत नहीं की है और वर्तमान प्रयास उनके स्वयं के द्वारा सूचना छुपाने को उचित ठहराने का प्रयास है।यहां तक कि भारत को निर्यातों की मात्रा और मूल्य जैसी सूचना को भी गोपनीय दावा किया गया है जिसका कोई विधिक या वास्तविक आधार नहीं है।

प्राधिकारी द्वारा जाँच

29. सूचना की गोपनीयता के संबंध में पाटन-रोधी नियमावली के नियम-7 में निम्नानुसार व्यवस्था है:-

(1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।

30. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षों के गोपनीयता के दावों की जाँच की है। प्राधिकारी मानते हैं कि कोई सूचना जो स्वाभाविक रूप से गोपनीय हो (उदाहरणार्थ उसके प्रकटन से किसी प्रतिस्पर्धी को भारी प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने या उसके प्रकटन वजह से सूचना देने वाले किसी व्यक्ति पर या उस व्यक्ति जिससे उस व्यक्ति ने सूचना ली हो पर भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो),या जिसे जाँच के पक्षकारों द्वारा किसी सही आधार पर गोपनीय रूप से प्रदान किया गया हो तो प्राधिकारी द्वारा ऐसी सूचना को गोपनीय माना जाना चाहिए। ऐसी सूचना का उसे प्रस्तुत करने वाले पक्षकार की स्पष्ट अनुमति के बिना प्रकटन नहीं किया जा सकता है।

31. प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ताओं और प्रतिवादी हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए गोपनीयता संबधी दावों पर विचार किया है और उसके बारे में संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावे की अनुमति दी है। प्राधिकारी ने नियम 6(7) के अनुसार

विभिन्न हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अगोपनीय अंश वाली सार्वजनिक फाइल को अनुरोध करने पर निरीक्षण हेतु सभी हितबद्ध पक्षों के लिए उपलब्ध रखा।

च. विविध अनुरोध

उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए विविध अनुरोध

32. उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. नियम 6 का इस सीमा तक उल्लघंन हुआ है कि क्षति संबंधी मापदंडों की घरेलू उद्योग को बनाने वाले गलत नाम के घटकों के लिए जाँच की गई है और याचिका का गलत अंश हितबद्ध पक्षों को परिचालित किया गया है।

ii. नियम 23 (3), नियम 11 और जाँच शुरूआत संबंधी अधिसूचना के अनुसार, कारणात्मक संबध का विश्लेषण किसी क्षतिसंबंधी विश्लेषण में अंतर्निहित होता है और उससे जाँच के किसी भी स्तर में बाधा नहीं होती है।

iii. नालको के लिए निविदा संबंधी सूचना से पता चलता है कि सभी उत्पादकों के लिए निविदा कीमतें आयातित सामग्री की तरह समान स्तर पर हैं।

iv. घरेलू उद्योग की याचिका में निर्णायक समीक्षा की जरूरत को विधिवत रूप से साक्ष्यांकित नहीं किया गया है।

v. कास्टिक सोडा की लागत को कास्टिक सोडा की सभी लागतों का भार डाले बिना कारोबार आधार पर (आबद्ध अंतरण सहित) पर ही आबंटित किया जाना चाहिए।

vi. प्राधिकारी को यह निर्धारित करने के लिए घरेलू उद्योग के रिकॉर्डों का आकलन करना चाहिए कि क्या क्लोरिन के कारोबार और मूल्य को सह-उत्पाद के बजाय उप-उत्पाद के रूप में माना जाना न्यायोचित है।

vii. निर्यातक की प्रतिस्पर्धी बढ़त को पाटन नहीं माना जा सकता है। यदि शुल्क लगाया भी जाता है तो भी घरेलू उद्योग की आपूर्ति संबधी क्षमताओं में अंतर्निहित कमियों के कारण आयातों का होना निश्चित है।

viii. घरेलू उद्योग क्लोरिन को एक सह-उत्पाद के बजाय उप-उत्पाद मानता रहा है। परिणामस्वरूप, 1 ईसीयू की उत्पादन लागत को पूरी तरह से कास्टिक सोडा पर भारित किया गया है।

ix. क्लोरिन को ऐसा मानने का आधार यह है कि भारत में क्लोरिन की मांग कम है। तथापि, क्लोरिन का बाजार विकसित हो गया है क्योंकि जीएसीएल और डीसीएम श्रीराम कंसोलिडेटेड के पास क्लोरिन के लिए निम्नवर्ती समेकन है क्योंकि ये दोनों पॉली विनाइल क्लोराइड का विनिर्माण करते हैं।

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विविध अनुरोध

33. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली में प्राधिकारी द्वारा यथापेक्षित तीसरे देशों को निर्यातों का सौदावार ब्यौरा नहीं दिया गया है। इसके आलोक में प्रश्नावली के सभी उत्तर बिल्कुल अधूरे हैं और उन्हें अस्वीकार किया जाना चाहिए।

ii. नियम 6 जाँच के चरण पर लागू होता है और न कि जाँच शुरूआत के चरण पर। नियम 6 के विभिन्न उपबंधों को केवल तब लागू किया जाता है जब मामला शुरू हो गया हो।

iii. कारणात्मक संबंध के विश्लेषण के संबंध में, प्राधिकारी के लिए केवल पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद से हुए परिवर्तनों पर ध्यान देना अपेक्षित है और उन्हें पूरी प्रक्रिया का दोहराना अपेक्षित नहीं है।

iv. नालको के लिए निविदा सूचना जिसमें सभी उत्पादकों के लिए कीमतों का समान स्तर आयातित स्तर पर दर्शाया गया था के बारे में प्रतिवादियों का दावा सिद्ध करता है कि घरेलू उद्योग को आयात से प्रतिस्पर्धा में कीमत का प्रस्ताव करने को बाध्य होना पड़ा।

v. हितबद्ध पक्षों के इस तर्क के संबंध में कि याचिका में निर्णायक समीक्षा की जरूरत को विधिवत रूप से साक्ष्यांकित नहीं किया गया है यह अनुरोध किया गया है कि प्राधिकारी ने जाँच शुरूआत संबंधी सूचना में

माना है कि घरेलू उद्योग द्वारा विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन प्रस्तुत करने के कारण उन्होंने जाँच की शुरूआत का निर्णय लिया है। प्राधिकारी ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्य पर विचार किया है और निर्णायक समीक्षा की कार्यवाही को शुरू करना उचित माना है।

vi. घरेलू उद्योग ने लागत रिकॉर्डों में उचित पद्धति को अपनाया है जिसे प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किया जाए।

vii. क्लोरिन कारोबार के बारे में घरेलू उद्योग के रिकार्डों के आकलन करने के तर्क के संबंध में प्राधिकारी संगत और आवश्यक समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकते हैं। घरेलू उद्योग ने समस्त संगत सूचना प्रस्तुत की है और वह प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करेगा।

viii. पाटन प्रतिस्पर्धी लाभ से संबंधित नहीं है। पाटन मार्जिन सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के बीच का अंतर होता है। यदि निर्यातकों की कम भाड़ा लागत है तो इसका अर्थ निर्यातकों के लिए उच्चतर कारखाना द्वार प्राप्ति होना चाहिए जिसका अर्थ कमतर पाटन होना चाहिए। आयातों का बाजार हिस्सा 2004-05 और 2005-06 में 3 प्रतिशत के निम्न स्तर पर था और 2009-10 में बढकर 14 प्रतिशत हो गया और 2010-11 में घटकर 8 प्रतिशत से कम रह गया। आयातों का बाजार हिस्सा एक बार फिर वर्तमान वर्ष में 14 प्रतिशत हो गया जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि पाटन की प्रथाओं के कारण आयातों में वृद्धि हुई है।

ix. भागीदार कंपनियों के लिए क्लोरिन एक उप-उत्पाद है और इसलिए उस पर तदनुसार विचार किया जाना चाहिए।

x. निम्नवर्ती समेकन के बारे में तर्क के संबंध में यह अनुरोध किया गया है कि यह तर्क भी यह सिद्ध करता है कि भागीदार कंपनियों के लिए क्लोरिन एक उप-उत्पाद है और इसलिए उस पर तदनुसार विचार किया जाना चाहिए। बदलती हुई परिस्थितियों के संबंध में जीएसीएल पीवीसी रेजिन का उत्पादन नहीं करती है, जबकि डीसीएम श्रीराम यद्यपि क्लोरिन का उत्पादन करता है तथापि आबद्ध रूप से 75 की खपत करता है। शेष को बाजार में बेचा जाता है। इसके अलावा डीसीएम के पास दो संयंत्र (कोटा और झागरिया में) हैं। पीवीसी केवल कोटा में उत्पादित होता है। झागरिया में कंपनी द्वारा उत्पादित क्लोरिन की बिक्री करती है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जॉच</u>

34. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच की है और निम्नानुसार मानते हैं:

क. नियमावली का नियम 6 जॉच शुरू होने के बाद लागू होता है और न कि जांच शुरूआत के स्तर पर। जांच शुरूआत के स्तर पर, प्राधिकारी के लिए केवल प्रथम दृष्टया स्वयं को संतुष्ट करना होता है कि जांच की शुरूआत को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं।

ख. कारणात्मक संबंध की जांच के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि कारणात्मक संबंध से संबंधित प्रावधान आवश्यक संशोंधनों के आधारपर लागू होतें हैं और इसी बात को वर्तमान जांच में माना गया है।

ग. नालको को आपूर्ति में विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं की निविदा कीमतों के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि इससे वस्तुत: घरेलू उत्पादकों और विदेशी उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा प्रदर्शित होती है। ऐसी स्थिति में जहां नालको न्यूनतम कीमत आधार पर आर्डर देता है, तो यदि विदेशी उत्पादक-निर्यातक कमतर कीमत उद्धरित करते हैं तो घरेलू उद्योग के आर्डर गंवाने की संभावना है।

घ. जांच शुरूआत की याचिका के तथ्यों के संबंध में प्राधिकारी ने इस बात से प्रथम दृष्टया संतुष्ट होने के बाद ही जांच शुरू की है कि याचिका में जांच की शुरूआत को उचित ठहराने वाले पर्याप्त साक्ष्य दिए गए हैं।

ङ. कास्टिक और क्लोरिन के बीच लागतों के आबंटन के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि प्राधिकारी ने कंपनी द्वारा रखे गए रिकार्डों के आधार पर कार्रवाई की है। नियमावली के अनुबंध-II में उपबंध है कि प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के संबंध में कंपनी द्वारा रखे गए रिकार्डों पर विचार करेंगे। अत: वर्तमान मामले में इसी बात का पालन किया गया है।

च. प्रतिस्पर्धात्मकता के लाभ और हानि के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह पाटन जॉच का मामला है। जहां तक घरेलू उद्योग को क्षति का संबंध है, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की मौजूदा स्थिति पर विचार किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्लोरिन पर संयुक्त या उप-उत्पाद के रूप में विचार किया जाना क्लोरिन की मांग पर आधारित नहीं है। यह दोनो उत्पादों के सापेक्ष मूल्य पर आधारित है।

छ. पाटन का आकलन – पद्धति और मापदंड

सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

घरेलू उद्योग के अनुरोध

35. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. चीन एक गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है। किसी देश ने चीन को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा प्रदान नहीं किया है। चीन का कोई भी उत्पादक बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे को पूरा नहीं कर सकता है। तथापि, हरीमन कैमसुल्ट में बताई गई कीमतों में भी पाटन सिद्ध हुआ है। याचिकाकर्ता ने उन कीमतों संबंधी सूचना प्राप्त करने का प्रयास किया जिन पर कोरिया गणराज्य के निर्यातक और उत्पादक कास्टिक सोडा को बेच रहे हैं। चूंकि हरीमन कैमसुल्ट चीन और कोरिया गणराज्य में कीमतों की जानकारी देता है इसलिए वह इन देशों के घरेलू बाजार में प्रचलित कीमतों का अच्छा संकेतक है। उनके द्वारा बताई गई ये कीमतें इन देशों में सामान्य मूल्य के रूप में ली गई हैं।

ii. निवल निर्यात कीमत को समुद्री भाड़ा, दस्तावेज प्रभारों, पत्तन प्रभारों, समुद्री बीमा, कमीशन, अंतर्देशीय मालभाड़ा, केवल चीन के मामले में वैट अंतर जैसे व्ययों के लिए समायोजन करने के पश्चात सुस्थापित नियमों के अनुसार निर्धारित किया गया है।

iii. पाटन मार्जिन की गणना करने के लिए,निर्यात कीमत और सामान्य मूल्य के बीच उचित तुलना की गई। सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत को कारखाना-द्वार स्तर पर निर्धारित किया गया है और वे समान अवधि से संबंधित हैं। बिक्री की शर्तो और निबंधनों में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। दोनो कीमतें करों से मुक्त हैं। विदेशी उत्पादक दोनों बाजारों में व्यापार के समान स्तर पर वस्तुओं को बेच रहे हैं। इस प्रकार, की गई तुलना उचित तुलना है।

iv. पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद भी पाटन जारी है। प्राधिकारी द्वारा पूर्ववर्ती जॉंच में भी भारत में इस उत्पाद का भारी पाटन नोट किया गया था।

v. जहां तक अलग-अलग पाटन मार्जिन की गणना करने के मुद्दे का संबंध है, यह अनुरोध किया गया है कि हानवा के संबंध में प्राधिकारी को यह मानना चाहिए कि हानवा ने तथ्यों को छुपाया है और वह वर्तमान जॉंच और पीवीसी सस्पेंशन रेजिन की निर्णायक समीक्षा के बीच गुमराह करने वाली सूचना दे रहे हैं। हानवा कैमिकल्स अलग पाटन मार्जिन दिए जाने के हकदार नहीं हैं क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक सुनवाई के समय यह दलील दी थी कि वे उत्पादक हैं और हानवा कार्पोरेशन निर्यातक हैं जबकि ट्रिकॉन एनर्जी वह है जो निर्यातक होने के नाते भारत को वस्तुओं का नौवहन करता है। तथापि यह दावा हानवा द्वारा पीवीसी सस्पेंशन रेजिन निर्णायक समीक्षा जॉंच के समय किए गए दावे के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें हानवा कार्पो. ने दावा किया था कि वह मात्र एक कमीशन एजेंट हैं। निर्दिष्ट प्राधिकारी को पीवीसी सस्पेंशन रेजिन निर्णायक समीक्षा मामले के सभी रिकार्डों को सह-संबंधित करना चाहिए और यदि पर्याप्त विरोधाभास होता है तो प्राधिकारी को पूरा उत्तर ही अस्वीकार कर देना चाहिए।

उत्पादकों/आयातकों/निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षों के विचार:

36. उत्पादकों/आयातकों/निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षों ने इस संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. चूंकि निर्यातक ने विहित प्रपत्र में समस्त संगत सूचना प्रस्तुत की है इसलिए प्राधिकारी से सभी सहयोगी व्यापार श्रृंखलाओं के लिए अलग-अलग पाटन मार्जिन की गणना करने और तदनुसार, इस संबंध में शुल्क की सिफारिश करने का अनुरोध किया गया है।

ii. यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसे लाभों के संबंध में किस प्रकार का समायोजन किया गया है जो संबद्ध देशों के निर्यातकों को प्राप्त होते हैं। आवेदकों को लाभों की प्रकृति और उनके लिए किए गए समायोजन को अवश्य बताना चाहिए।

iii. आवेदकों द्वारा भरोसा किए गए आयात आंकड़े असंगत हैं क्योंकि आवेदकों ने चीन से निर्यातों के लिए चीन के सीमाशुल्क आंकड़ों पर भरोसा किया है। ऐसे आंकड़ों को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसे सीमाशुल्क आंकड़ों की सत्यता निर्यातक या प्राधिकारी के भी सत्यापन के दायरे से बाहर है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

37. धारा 9 क (1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

i. व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथा निर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

ii. जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा :-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो ; अथवा

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत ;

परंतु यह कि उदगम वाले देश से इतर किसी देश से वस्तु के आयात के मामले में अथवा जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश के जरिए मात्र यानांतरित किया गया है अथवा जहां ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यातक के देश में नहीं किया जाता है, निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

38. इस अनुरोध के संबंध में कि सभी सहयोगी व्यापार श्रृंखलाओं के लिए अलग-अलग पाटन/क्षति मार्जिन निर्धारण होना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन निर्धारण इस संबंध में डीजीएडी की सुस्थापित प्रक्रिया और नियमावली के अनुरूप हैं।

39. इस दलील के संबंध में कि चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से आयातों की कम मात्रा से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो सकती है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति विश्लेषण नियमावली को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इसके अलावा, वर्तमान जाँच एक निर्णायक समीक्षा जाँच है और प्राधिकारी के लिए संगत अवधि के दौरान वास्तविक पाटन और क्षति के अलावा पाटन और क्षति की संभावना की जाँच करना अपेक्षित है।

40. घरेलू उद्योग द्वारा दावा किए गए समायोजनों के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह सुस्थापित प्रक्रिया से सुसंगत हैं।

41. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से ज्ञात निर्याताकों /उत्पादकों को प्रश्नावलियां भेजी थीं जिसमें उन्हें विहित ढंग और तरीके से सूचना प्रस्तुत करने की सलाह दी गई थी। संबद्ध देशों के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दिया है:

I. <u>मै. हानवा कैमिकल कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य (उत्पादक)</u>

II. <u>मै. हानवा कार्पोरेशन,कोरिया गणराज्य (निर्यातक) और</u>

III. <u>मै. ट्रिकॉन एनर्जी लिमिटेड, यूएसए (निर्यातक)</u>

IV. <u>मै. तियाजिन दागु कैमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. (उत्पादक) और मै. ट्रिकॉन ओवरसीज इंक, यूएसए (निर्यातक)</u>

V. <u>मै. शंघाई क्लोर-अल्कली कैमिकल कं. लि. चीन जन. गण. (निर्यातक) और</u>

VI. मै. तियाजिन दागु इंटरनेशनल कार्पो., चीन जन गण् (निर्यातक)

कोरिया गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

मै. हानवा कैमिकल कार्पोरेशन (एचसीसी), कोरिया गणराज्य (उत्पादक)

42. मै. हानवा कैमिकल कार्पोरेशन (एचसीसी) ने उत्तर दिया है है विहित प्रपत्र में सूचना प्रदान की है। प्रतिवादी की उत्पादन लागत की तुलना सौदावार घरेलू बिक्रियों के साथ की गई है और यह पाया गया कि 80 प्रतिशत से अधिक बिक्री लाभप्रद रही हैं। अत: प्राधिकारी ने परिशिष्ट-I में बनाए गए अनुसार सभी घरेलू बिक्रियों के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है। अंतर्देशीय मालभाड़ा, बीमा और ब्याज आदि के लिए दावों के अनुसार समायोजन की अनुमति दी गई है। तदनुसार,घरेलू बिक्री कीमत के आधार पर ज्ञात सामान्य मूल्य को नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

कोरिया गणराज्य के असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

43. प्राधिकारी नोट करते हैं किकोरिया गणराज्य से किसी अन्य उत्पादक/निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है। अत: कोरिया गणराज्य के सहयोगी उत्पादकों के लिए निर्धारित सामान्य मूल्य को कोरिया गणराज्य के असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए अपनाया गया है। तदनुसार, इस प्रकार निर्धारित सामान्य मूल्य को नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

44. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पिछले तीन वर्षों में पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्यातक देश या अलग-अलग निर्यातकों/उत्पादकों द्वारा मान्यता का खंडन करने के अधीन भारत द्वारा पाटनरोधी जांच में चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना गया है ।

45. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैराग्राफ 8 के अनुसार गैर बाजार अर्थव्यवस्था की मान्यता का खंडन किया जा सकता है । यदि चीन जन.गण. के निर्यातक (कों)/उत्पादक (कों) द्वारा पैराग्राफ 8 के उप-पैराग्राफ (3) में विनिर्दिष्ट मापदंडों के आधार पर सूचना और पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएं और इसके विपरीत तथ्यों को सिद्ध किया जाए । चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तु के सहयोगी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार प्रश्नावली के उत्तर में पैराग्राफ 8 के उप-पैराग्राफ (3) में यथाउल्लिखित आवश्यक सूचना/पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करना अपेक्षित है ताकि प्राधिकारी निम्नलिखित मापदंडों पर विचार करने में सक्षम हो सके कि क्या :

- चीन जन.गण. में संबंधित फर्मों के कीमत, लागत और निविष्टि कच्ची सामग्री सहित, प्रौद्योगिकी की लागत, श्रम, उत्पादन, बिक्री और निवेश संबंधी निर्णय बाजार संकेतकों के उत्तर में लिए जाते हैं जिनमें आपूर्ति और मांग प्रदर्शित होती हो और इस संबंध में उनमें राज्य का कोई खास हस्तक्षेप नहीं होता है और क्या प्रमुख निविष्टियों की लागत बाजार मूल्यों को पर्याप्त रूप से दर्शाती है;

- ऐसी फर्मों की उत्पादन लागत और वित्तीय स्थिति पूर्ववर्ती बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली से आई भारी विकृतियों के अधीन होती है जो विशेष रूप से परिसंपत्ति के ह्रास अन्य बट्टे-खाते, वस्तु विनिमय व्यापार और ऋण की क्षतिपूर्ति के जरिए भुगतान से संबंधित होती है;

- ऐसी फर्में दिवालिया और संपत्ति कानूनों के अधीन होती हैं जो फर्मों के प्रचालन के लिए कानूनी निश्चितता और स्थिरता की गारंटी देते हैं; और

- विनिमय दर परिवर्तन बाजार दर पर किए जाते हैं ।

46. प्राधिकारी ने चीन जन. गण. में निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली और बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार (एमईटी) संबंधी प्रश्नावली की प्रतियां भेजी। तथापि, किसी उत्पादक/निर्यातक ने एमईटी का दावा नहीं किया है। उक्त को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी चीन जन. गण. के मामले में सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए नियमावली के अनुबंध-I के पैरा-7 के अनुसार कार्रवाई करना उचित समझते हैं जिसमें निम्नानुसार व्यवस्था है:

'गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की कीमत अथवा संरचित मूल्य, अथवा किसी तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव न हो, अथवा अन्य किसी समुचित आधार पर किया जाएगा जिसमें भारत में समान वस्तु के लिए वास्तिव रूप से संदत्त अथवा भुगतान योग्य कीमत, जिनमें यदि आवश्यक हो तो लाभ की समुचित गुंजाइश भी शामिल की जाएगी। निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे समुचित देश का चयन उचित तरीके से किया जाएगा जिसमें संबंधित देश के विकास के सूतर तथा प्रश्नगत उत्पाद का ध्यान रखा जाएगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना का भी ध्यान रखा जाएगा। जहां उचित हो, उचित समय सीमा के भीतर किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में इसी प्रकार के मामले में की गई जांच पर भी ध्यान दिया जाएगा। जांच से संबंधित पक्षों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त प्रकार से चयन के बारे में बिना किसी विलंब के सूचित किया जाएगा और उन्हें अपनी टिप्पणियां देने के लिए उचित अवधि प्रदान की जाएगी।"

47. उक्त के मद्देनजर प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच के प्रयोजनार्थ अनुबंध-I के पैरा-7 को ध्यान में रखते हुए सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है। भारत में चीन से आयातित संबद्ध वस्तु के लिए सामान्य मूल्य को घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त सूचना, कच्ची सामग्री की अंतर्राष्ट्रीय कीमतो, परिवर्तन लागत, ब्याज, एसजीए व्यय आदि जिनकी उत्पादन लागत पर तर्कसंगत लाभ के साथ घरेलू उद्योग के लिए स्तरो की अनुमति दी गई, पर विचार करते हुए परिकलित किया गया है। तदनुसार, इस प्रकार निर्धारित सामान्य मूल्य को नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

कोरिया गणराज्य के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण

मै. हानवा कैमिकल कार्पोरेशन (एचसीसी) और ट्रिकॉन एनर्जी लि. यूएसए (निर्यातक)

48. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मै. हानवा कैमिकल कार्पोरेशन (एचसीसी) ने ट्रिकॉन एनर्जी लि. यूएसए के माध्यम से संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है, जिसने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दिया है। भारत को निर्यात श्रृंखला में एचसीसी, कोरिया गणराज्य – हानवा कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य – ट्रिकॉन एनर्जी लि, यूएसए और – भारतीय उपभोक्ता शामिल हैं। 24,139 डीएमटी की मात्रा के लिए सभी निर्यात सौदे हानवा कार्पोरेशन और अंतत: ट्रिकॉन एनर्जी लि. के जरिए किए गए हैं जिसने भारत में उपभोक्ताओं के लिए बीजक तैयार किए हैं। निवल निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए उत्पादक और निर्यातक द्वारा किए गए समायोजन के दावों अर्थात् अंतर्राष्ट्रीय मालभाड़ा, ब्याज,स्वीकृति और प्रहस्तन प्रभार, एचसीसी का बीमा और बैंक प्रभार, कमीशन, एलसी शुल्क, ट्रिकॉन का एसजीए आदि पर विचार किया जा रहा है। एचसीसी (उत्पादक) और ट्रिकॉन (निर्यातक) के लिए निर्धारित निवल निर्यात कीमत को नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

कोरिया गण. से असहयोगी निर्यातक

49. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से किसी अन्य निर्यातक/उत्पादक ने वर्तमान जाँच में प्राधिकारी को उत्तर नहीं दिया है। अत: प्राधिकारी सहयोगी उत्पादक की न्यूनतम निर्यात कीमत के आधार पर निवल निर्यात कीमत निर्धारित करने की कार्रवाई करते हैं। तदनुसार, इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत को निम्नांकित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

चीन जन. गण. के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण

मै. तियाजिन दागु कैमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन.गण. (उत्पादक), मै. तियाजिन दागु इंटरनेशनल कार्पोरेशन, चीन जन.गण. और मै. ट्रिकॉन ओवरसीज इंक, यूएसए (निर्यातक) और ट्रिकॉन एनर्जी लि., यूएसए (निर्यातक)

50. निर्यातक मै. ट्रिकॉन एनर्जी लि. ने चीन जन. गण. से खरीदी गई संबद्ध वस्तु के लिए भारत को किए गए निर्यातों के निर्यात-वार सौदों के ब्योरे उपलब्ध कराए हैं। निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए, निर्यात के सभी सौदों और चीन जन. गण. से खरीद के सभी सौदों पर विचार किया गया है। तथापि, ट्रिकॉन एनर्जी द्वारा भारत को निर्यात सीएफआर आधार पर किए गए हैं। कारखाना-द्वार निर्यात कीमत निर्धारित करने के लिए मै. तियाजिन दागू कैमिकल कंपनी लि. इंटरनेशनल के बैंक प्रभारों और ऋण लागत, मालभाड़ा, कमीशन, छूट, एल सी प्रभार, बीमा, एस जी ए आदि को मै. ट्रिकॉन की बिक्री कीमत से समायोजित किया गया है । तद्नुसार, इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत को निम्नांकित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है ।

मै. शंघाई क्लोर अल्कली कैमिकल कंपनी लि., चीन जन.गण. (उत्पादक/निर्यातक) और मै. ट्रिकोन ओवरसीज इंक, यू एस ए (निर्यातक)

51. निर्यातक मै. ट्रिकॉन एनर्जी लि. ने चीन जन. गण. से खरीदी गई संबद्ध वस्तु के लिए भारत को किए गए निर्यातों के निर्यात-वार सौदों के ब्योरे उपलब्ध कराए हैं। निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए, निर्यात के सभी सौदों और चीन जन. गण. से खरीद के सभी सौदों पर विचार किया गया है। तथापि, ट्रिकॉन एनर्जी द्वारा भारत को निर्यात सीएफआर आधार पर किए गए हैं। कारखाना-द्वार निर्यात कीमत निर्धारित करने के लिए मै. शंघाई क्लोर अल्कली कैमिकल कंपनी लि. इंटरनेशनल के बैंक प्रभारों और ऋण लागत, मालभाड़ा, बीमा, एस जी ए आदि को मै. ट्रिकॉन की बिक्री कीमत से समायोजित किया गया है। तद्नुसार, इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत को निम्नांकित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है ।

चीन जन. गण. से असहयोगी निर्यातक

52. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से किसी अन्य निर्यातक/उत्पादक ने वर्तमान जाँच में प्राधिकारी को उत्तर नहीं दिया है। अत: प्राधिकारी सहयोगी उत्पादक अर्थात मै. तियाजिन दागु कैमिकल कंपनी लिमिटेड की न्यूनतम निर्यात कीमत के आधार पर निवल निर्यात कीमत निर्धारित करने की कार्रवाई करते हैं। तदनुसार, इस प्रकार निर्धारित निर्यात कीमत को निम्नांकित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

पाटन मार्जिन तालिका

53. ऊपर यथानिर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमतों पर विचार करते हुए संबद्ध देशों से उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन निम्नानुसार निर्धारित किया गया है :-

पाटन मार्जिन तालिका

देश	उत्पादक/निर्यातक	सामान्य मूल्य अम.डा./डीएमटी	निवल निर्यात कीमत अम.डा./डीएमटी	पाटन मार्जिन अम.डा./ डीएमटी	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन रेंज(%)
कोरिया गण.	हान्वा कैमिकल कॉर्पो. (उत्पादक) – हान्वा कॉर्पो. और ट्रिकॉन एनर्जी लि. (निर्यातक)	***	***	***	***	(0-10)
	कोई अन्य समूह	***	***	***	***	0-10
चीन जन.गण.	शंघाई क्लोर अल्कली (उत्पादक) और ट्रिकोन ओवरसीज (निर्यातक)		***	***	***	(0-10)
	तियानजिन डागू (उत्पादक) तथा ट्रिकोन एनर्जी लि. या ट्रिकोन ओवरसीज (निर्यातक)	***	***	***	***	(0-10)
	कोई अन्य समूह	***	***	***	***	35-45

ज. क्षति और कारणात्मक संबंध का मूल्यांकन

घरेलू उद्योग के अनुरोध

54. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनरोध किए हैं :

i. चूंकि याचिकाकर्ता कंपनियां बहु उत्पाद कंपनियां हैं, इसलिए याचिकाकर्ता ने व्यवहार्य सीमा तक समान वस्तु के संबंध में संगत सूचना उपलब्ध कराई है ।

ii. आयातों में आधार वर्ष से काफी वृद्धि हुई है और पूरी क्षति अवधि में इनकी मात्रा अधिक रही है । पाटनरोधी शुल्क वाले अन्य देशों से आयातों में 2012-13 तक वृद्धि हुई है और उसके बाद जांच अवधि में गिरावट आई है ।

iii. उत्पादन और खपत की दृष्टि से आयातों में वृद्धि हुई है । यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क समाप्त हो जाता है तो पाटित आयातों की मात्रा में और अधिक वृद्धि होगी ।

iv. आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम रही है । आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं ।

v. आयातों की पहुंच कीमत, बिक्री लागत और बिक्री कीमत के बीच तुलना से पता चलता है कि आयातों द्वारा जांच अवधि के दौरान घरेलू कीमतों में कटौती की संभावना है ।

vi. लाभ, निवेश पर आय, नकद प्रवाह, मालसूची आदि की दृष्टि से घरेलू उद्योग का कार्य निष्पादन 2012-13 तक सकारात्मक रहा है । तथापि, इस अवधि में आयात कीमतों में कमी की वजह से जांच अवधि में इसमें एक बार फिर गिरावट आई है ।

vii. उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग में कुछ सुधार हुआ है ।

viii. थोड़े बहुत सुधार के बाद भी घरेलू उद्योग की स्थिति स्पष्ट रूप से वर्तमान जांच अवधि में संवेदनशील और विकृत है ।

ix. जहां तक याचिका के त्रुटिपूर्ण होने संबंधी तर्क का संबंध है, यह बताया गया है कि यह निर्यातक की मात्र कल्पना है । याचिका में यह स्पष्ट है कि क्षति संबंधी सूचना 4 कंपनियों पर आधारित है ।

x. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को क्षति अवधि में मात्रा संबंधी मापदंडों में कोई क्षति नहीं हुई है, यह बताया गया है कि अधिकांश पूर्ववर्ती मामलों में प्राधिकारी ने पाया है कि उन मामलों में घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के प्रतिकूल कीमत प्रभाव को झेलना पड़ा है । उद्योग की प्रकृति को देखते हुए पाटित आयातों का प्रभाव आम तौर पर उस कीमत पर पड़ता है जिस पर घरेलू उद्योग बाजार में उत्पाद को बेचता है ।

xi. लाभप्रदता में गिरावट संबद्ध देशों और अन्य देशों से भारत में आयात कीमत के सामंजस्य में है और उसके साथ घटती-बढ़ती है ।

xii. लाभप्रदता में कोई भारी वृद्धि नहीं हुई है । इसके अलावा, जांच अवधि में उद्योग के निवेश पर आय भी प्राधिकारी द्वारा तर्कसंगत स्तर से कम माने गए थे ।

xiii. यद्यपि, निर्णायक समीक्षा स्तर पर कारणात्मक संबंध सिद्ध करना अपेक्षित नहीं है, तथापि, 2012-13 तक आयात कीमतों में वृद्धि के साथ लाभ और आर ओ आई में वृद्धि और आयात कीमतों में गिरावट के साथ जांच अवधि में लाभ और निवेश पर आय में गिरावट स्पष्ट रूप से सिद्ध करती है कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत पाटित वस्तुओं से सीधे प्रभावित होती है ।

xiv. हितबद्ध पक्षों के तर्कों के विपरीत याचिका में केवल वे कंपनियां शामिल हैं, जो विचाराधीन उत्पाद के कम लागत वाले उत्पादक हैं ।

xv. कतर और पाकिस्तान जैसे अन्य स्रोतों संबंधी तर्क के बारे में घरेलू उद्योग अनुरोध करता है कि कतर से आयात कीमतें काफी कम थीं और इसलिए कतर के संबंध में घरेलू उद्योग ने याचिका दायर नहीं की । पाकिस्तान के संबंध में उस अवधि में पाकिस्तान से आयात मात्रा निर्धारित न्यूनतम सीमा से कम थी ।

xvi. इस तर्क के संबंध में कि याचिकाकर्ता उद्योग भारत के पश्चिमी तट पर स्थित है जबकि एल्यूमिनियम उद्योग पूर्वी तट पर स्थित है जिससे कच्ची सामग्री के परिवहन में मुश्किल होती है । प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के मौजूदा हालात पर विचार करना चाहिए और न कि आदर्श स्थितियों के अंतर्गत । इसके अलावा, घरेलू उद्योग का यह स्थिति संबंधी तर्क है कि क्षति मार्जिन को अंतरदेशीय भाड़े की लागत को शामिल करके निर्धारित किया जाना चाहिए । हितबद्ध पक्षों या निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा इस बात का कोई औचित्य नहीं बताया गया है कि कारखाना द्वार स्तर पर क्षति रहित कीमत की तुलना आयातों के पहुंच मूल्य के साथ क्यों की जानी चाहिए जो देश के विभिन्न पत्तनों से होता है । क्षति मार्जिन का उद्देश्य घरेलू उद्योग द्वारा उठाई गई क्षति की मात्रा निर्धारित करना है । घरेलू उद्योग द्वारा उठाए गए माल भाड़े की राशि इस प्रयोजनार्थ प्रत्यक्षत: संगत है ।

xvii. भारत में कास्टिक की खपत के इतिहास के संबंध में देश में एल्युमिनियम उद्योग की अधिकांश मांग को भारतीय उद्योग द्वारा पूरा किया जाता है । वास्तव में पहले ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनमें विदेशी उत्पादक ने एल्युमिनियम उद्योग से ऑर्डर लिए हैं और उसके बाद आपूर्ति घटा दी है तथा अंतत: घरेलू उद्योग को एल्युमिनियम उद्योग के बचाव के लिए आना पड़ा है ।

उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों के अनुरोध

55. विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों ने क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :

i. जांच अवधि और क्षति अवधि में मात्रा संबंधी मापदंडों पर घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है ।

ii. पाटनरोधी नियमों के अनुसार कारणात्मक संबंध का विश्लेषण किसी क्षति विश्लेषण में अंतर्निहित होता है और उसे जांच के किसी स्तर पर चाहे वह मूल जांच हो या समीक्षा, बाधित नहीं किया जा सकता है ।

iii. उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री जैसे मात्रा संबंधी मापदंडों में क्षति अवधि में कोई विकृति नहीं आई है और घरेलू उद्योग इन मापदंडों पर क्षति का दावा नहीं कर सकता है ।

iv. घरेलू उद्योग को बाजार हिस्से के कारण कोई वास्तविक क्षति नहीं हुई है क्योंकि बाजार हिस्से में गिरावट नगण्य है । घरेलू उद्योग द्वारा गंवाए गए बाजार हिस्से का संबद्ध आयातों से कोई सह-संबंध नहीं है ।

v. घरेलू उद्योग की मालसूची एकत्रित होना घरेलू बिक्रियों और संबद्ध आयातों के प्रभाव से असंबद्ध है ।

vi. घरेलू उद्योग लागत की तुलना में अधिक तेजी से अपनी कीमतें बढ़ाने में सक्षम रहा है । क्षति अवधि के दौरान कीमत में कोई कटौती या न्यूनीकरण नहीं हुआ है ।

vii. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में जांच अवधि के दौरान जबरदस्त वृद्धि हुई है । घरेलू उद्योग के लाभ संबद्ध आयातों से पूर्णत: अप्रभावित रहे हैं और इस संबंध में किया गया क्षति के किसी दावे के लिए संबद्ध आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है ।

viii. ए एम ए आई में केवल उन उत्पादकों को सामने रखा है जिनके आंकड़े क्षति को सर्वोत्तम सिद्ध करते हों ताकि इस संबंध में शुल्क को अधिकतम किया जा सके ।

ix. याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत याचिका त्रुटिपूर्ण याचिका है क्योंकि यह 4 कंपनियों के क्षति संबंधी आंकड़ों पर आधारित है जबकि जांच शुरूआत संबंधी अधिसूचना में केवल दो कंपनियां दर्शायी गई हैं ।

x. कतर और पाकिस्तान से आयात हुए हैं जो जांच अवधि में निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक हैं और जो संबद्ध देशों के आयातों की मात्रा से तुलनात्मक रूप से कीमतों को पाटित कर रहे हैं ।

xi. आयात इस तथ्य के कारण हुए हैं कि अन्य देशों से कास्टिक सोडा अधिक व्यवहार्य है । भारतीय कॉस्टिक सोडा पश्चिम तट से आता है जहां याचिकाकर्ता उद्योग स्थित है जबकि एल्युमिनियम उद्योग जो भारत में कास्टिक सोडा की खपत के 20 प्रतिशत से अधिक का उपभोग करता है, पूर्वी तट पर स्थित है ।

xii. पश्चिमी तट से पूर्वी तट तक परिवहन में मुश्किलें होती हैं और एल्युमिनियम निर्माता की कच्ची सामग्री की लागत बढ़ जाती है । घरेलू उत्पादक एल्युमिनियम प्रयोक्ताओं द्वारा अपेक्षित आकार के लॉट की आपूर्ति करने में असमर्थ हैं ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

56. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई परिणामी क्षति पर हितबद्ध पक्षों के विभिन्न अनुरोधों को नोट किया है और रिकॉर्ड में तथ्यों तथा कानून के अनुसार लागू तथ्यों पर विचार करते हुए उनका विश्लेषण किया है । यद्यपि, तथ्यों और आंकड़ों से संबंधित मुद्दों पर क्षति विश्लेषण में वस्तुत: ध्यान दिया गया है, तथापि, विशिष्ट अनुरोधों की नीचे जांच और समाधान किया गया है ।

57. इस अनुरोध के संबंध में कि जाँच शुरूआत त्रुटिपूर्ण है क्योंकि केवल दो कंपनियों के नाम बताए गए हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जाँच की शुरूआत याचिका पर आधारित है जिसमें चार कंपनियों के नाम स्पष्ट रूप से दिए गए हैं।

58. इस तर्क के संबंध में कि एएमएआई ने केवल उन उत्पादकों के नाम आगे रखे हैं जिनके आंकड़े सर्वाधिक क्षति सिद्ध करते हैं ताकि शुल्क को अधिकतम किया जा सके, प्राधिकारी ऐसी कोई कमी नोट नहीं करते हैं। याचिकाकर्ता कंपनियों को भारतीय उत्पादन में प्रमुख हिस्सा बनता है और इसलिए प्राधिकारी के लिए परिभाषित घरेलू उद्योग के आधार पर क्षति

विश्लेषण करना अपेक्षित है । यह दर्शाने के लिए रिकॉर्ड में कोई सूचना नहीं है कि अन्य घरेलू उत्पादकों जो घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं हैं का कार्य निष्पादन प्राधिकारी द्वारा विचारित घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन की तुलना में काफी बेहतर है ।

59. इस तर्क के संबंध में कि पश्चिमी तट पर याचिकाकर्ता उद्योग और पूर्वी तट पर एल्युमिनियम उद्योग के स्थित होने से लागत बढ़ने की समस्या उत्पन्न होती है जिससे संबद्ध देश से आयात करने पड़ते हैं । प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादक उद्योग में या उपभोक्ता उद्योग में कोई ढांचागत परिवर्तन नहीं हुआ है । घरेलू उद्योग के लिए उसकी मौजूदा स्थिति पर विचार करना अपेक्षित है न कि आदर्श स्थितियों में ।

60. इस संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों पर विचार करते हुए प्राधिकारी संबद्ध देशों से आयातों के कारण पाटन और क्षति की संभावना के पहलुओं की जांच करने की कार्रवाई से पहले घरेलू उद्योग को हुई वर्तमान क्षति, यदि कोई हो, की जांच करते हैं ।

61. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में "... *पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ...*"ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती।"

62. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभावों की जांच के लिए संबंधित नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, भंडार, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि जैसे उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों पर विचार किया गया है ।

63. वर्तमान जांच लागू पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा है । नियम 23 में यह उपबंध है कि नियम 11 के उपबंध समीक्षा के मामले में भी आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे । अत: प्राधिकारी ने अनुबंध-II के साथ पठित नियम 11 के उपबंधों पर आवश्यक परिवर्तनों के साथ विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति का निर्धारण किया है। इसके अलावा, चूंकि विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लागू है, अत: प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच करते समय संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क पर विचार करना अपेक्षित है। प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या मौजूदा उपाय क्षति पहुंचाने वाले पाटन को समाप्त करने के लिए पर्याप्त है अथवा नहीं ।

64. सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की धारा 9(क)(5) के अनुसार लगाया गया पाटनरोधी शुल्क जब तक उसे समाप्त न किया जाए, इस प्रकार लगाए जाने की तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर निष्प्रभावी हो जाएगा, परंतु यदि किसी समीक्षा में केन्द्र सरकार का यह मत हो कि ऐसे शुल्क की समाप्ति से पाटन तथा क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है तो वह इस प्रकार से लगाए गए शुल्क की अवधि को आगे और 5 वर्ष के लिए बढ़ा सकती है और आगे की ऐसी अवधि इस प्रकार के समय विस्तार के आदेश की तारीख से शुरू होगी ।

65. वर्तमान क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के घरेलू उद्योग पर मात्रा और कीमत प्रभावों तथा कीमतों और लाभप्रदता पर उसके प्रभाव की जांच इस बात का परीक्षण करने के लिए की है कि क्या क्षति हुई है और पाटन और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध, यदि कोई हो, है । प्राधिकारी ने नियमावली के अंतर्गत घरेलू उद्योग बनाने वाले डीसीएम श्रीराम कंसोलिडेटेड लि., गुजरात अल्कलीज एंड कैमिकल्स लि., डी सी डब्ल्यू लि. और एस आई ई एल कैमिकल कॉम्पलैक्स से संबंधित सूचना पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच की है। तद्नुसार, पाटित आयातों के मात्रात्मक और कीमत प्रभाव की निम्नानुसार जांच की गई है :

मात्रात्मक प्रभाव:

पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव

मांग और बाजार हिस्सा

66. प्राधिकारी ने भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्रियों और सभी स्रोतों से आयातों को जोड़कर देश में उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को निर्धारित किया है । इस प्रकार आकलित मांग निम्नांकित तालिका से देखी जा सकती है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि देश में उत्पाद की मांग में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है ।

मांग

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
भारत में मांग					
घरेलू उद्योग की बिक्री (आबद्ध खपत सहित)	मी. ट.	6,90,107	7,05,003	6,87,327	7,01,086
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	102	100	102
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	मी. ट.	15,22,461	15,82,304	16,01,148	16,24,070
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	104	105	107
संबद्ध देशों से आयात	मी. ट.	63,105	92,384	88,886	88,154
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	146	141	140
अन्य देशों से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	मी. ट.	1,16,588	95,627	2,39,151	1,71,922
अन्य देशों से आयात	मी. ट.	7,742	31,376	38,656	44,220
कुल मांग	मी. ट.	24,00,003	25,06,694	26,55,168	26,29,453
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	104	111	110

मांग में बाजार हिस्सा

67. विभिन्न स्रोतों से आयातों और भारतीय उत्पादकों की बिक्रियों पर विचार करते हुए भारत में मांग में संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से की जांच की गई है । वास्तविक स्थिति निम्नानुसार है :

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
घरेलू उद्योग	%	29	28	26	27
अन्य भारतीय उत्पादक	%	63	63	60	62
संबद्ध देश	%	3	4	3	3
देशों से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	%	5	4	9	7
अन्य देशों से आयात	%	0	1	1	2
मांग में कुल हिस्सा	%	100	100	100	100

68. उपर्युक्त से यह देखा गया है कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान उत्पाद की मांग में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है परंतु जांच अवधि के दौरान इसमें मामूली गिरावट आई है । यद्यपि, क्षति अवधि तथा जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयातों का हिस्सा लगभग स्थिर रहा है। तथापि, घरेलू उद्योग के हिस्से में आधार वर्ष में 29 प्रतिशत से जांच अवधि में 27 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई है । अन्य स्रोतों से आयात आधार वर्ष के दौरान 0 प्रतिशत से बढ़कर जांच अवधि में 2 प्रतिशत हो गए हैं और पाटनरोधी शुल्क लगने वाले देशों से आयातों में आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

आयात मात्रा और बाजार हिस्सा

69. प्राधिकारी ने याचिकाकर्ता द्वारा प्रदत्त रूप से संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा की जांच की है (जो द्वितीयक स्रोत के आयात आंकड़ों अर्थात आई बी आई एस पर आधारित है) । सौदावार आयात आंकड़ों को वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एंड एस) से लिया गया है । तथापि, यह पाया गया कि डी जी सी आई एंड एस द्वारा बताई गई आयात की मात्रा आई बी आई एस की आयात की मात्रा से कम है । दोनों स्रोतों से प्रति इकाई मूल्य लगभग समान है । अत: आई बी आई एस में बताई गई आयात की मात्रा और मूल्य को अपनाया गया है । संबद्ध देशों से आयात मात्रा को निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक पाया गया है जैसा नीचे तालिका में देखा जा सकता है ।

70. संबद्ध देश तथा अन्य स्रोतों से आयात की मात्रा निम्नानुसार है :

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
आयात मात्रा					
संबद्ध देशों से आयात	मी.ट.	63,105	92,384	88,886	88,154
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*146*	*141*	*140*
चीन जन.गण.	मी.ट.	39,515	60,465	46,727	55,651
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*153*	*118*	*141*
कोरिया गण.	मी.ट.	23,590	31,920	42,160	32,503
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*135*	*179*	*138*
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	मी.ट.	1,16,588	95,627	2,39,151	1,71,922
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*82*	*205*	*147*
अन्य देश	मी.ट.	7,742	31,376	38,656	44,220
कुल आयात	मी.ट.	1,87,435	2,19,387	3,66,693	3,04,296
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*117*	*196*	*162*
आयातों में हिस्सा					
संबद्ध देश	%	34	42	24	29
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	%	62	44	65	56
अन्य देश	%	4	14	11	15

71. उक्त तालिका से यह देखा गया है कि संबद्ध देशों और पाटनरोधी शुल्क वाले देशों से आयातों में आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में वृद्धि हुई है । अन्य देशों से आयातों में भी आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई है ।

उत्पादन के संबंध में आयातों का हिस्सा

72. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से आयात घरेलू उद्योग के उत्पादन की दृष्टि से स्थिर बने रहे हैं जैसा कि निम्नांकित तालिका से स्पष्ट है :

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
संबद्ध देशों से आयात	मी.ट.	63,105	92,384	88,886	88,154
घरेलू उद्योग का उत्पादन	मी.ट.	7,67,406	7,72,521	7,51,212	7,64,581
घरेलू उद्योग के उत्पादन के संबंध में पाटित आयात	%	8	12	12	12

कीमत प्रभाव

पाटित आयातों का कीमत प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव

73. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव की कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण के संदर्भ में जांच की गई है । इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) और क्षति रहित कीमत (एनआईपी) की तुलना संबद्ध देशों से आयातों के पहुंच मूल्य के साथ की गई है । जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु के लिए पाटित आयातों के पहुंच मूल्य और घरेलू बाजार में घरेलू बिक्री कीमत के बीच तुलना की गई है। घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति के निर्धारण में करो, छूटों, बट्टों और घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए कमीशन को समायोजित किया गया है । कम कीमत पर बिक्री क्षति के आकलन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है इसलिए प्राधिकारी ने क्षतिरहित कीमत ज्ञात की है और उसकी तुलना पहुंच मूल्य के साथ की है ताकि कम कीमत पर बिक्री का पता लगाया जा सके । जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए उत्पादन लागत पर समुचित रूप से विचार करके सिद्धांतों के अनुसार घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत का मूल्यांकन किया गया है । यह स्थिति निम्नानुसार है ।

कीमत कटौती

74. प्राधिकारी ने विचार किया कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में भारी मात्रा में कमी करना रहा है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी मात्रा में बढ़ गई होती । कीमत कटौती का विस्तृत विश्लेषण निम्नानुसार है :-

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
कास्टिक सोडा लाई					
घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति	***	***	***	***	***
चीन जन.गण.	***	***	***	***	***
आयातों की पहुंच कीमत	***	***	***	***	***
राशि कीमत कटौती	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	***	***	***	***	***
कीमत कटौती रेंज%	रेंज%	5-15	ऋणात्मक	0-10	ऋणात्मक
कोरिया गण	***	***	***	***	***
आयातों का पहुंच मूल्य	***	***	***	***	***
कीमत कटौती राशि	***	***	***	***	***

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
कीमत कटौती	***	***	***	***	***
कीमत कटौती रेंज	रेंज%	ऋणात्मक	ऋणात्मक	ऋणात्मक	ऋणात्मक
संबद्ध देश	***	***	***	***	***
आयातों का पहुंच मूल्य	***	***	***	***	***
कीमत कटौती राशि	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	***	***	***	***	***
कीमत कटौती रेंज	रेंज%	0-10	ऋणात्मक	0-10	ऋणात्मक

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
कास्टिक सोडा फ्लैक्स					
घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति	रू./मी.ट.	***	***	***	***
चीन जन.गण.		***	***	***	***
आयातों का पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती राशि	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती रेंज	% रेंज	ऋणात्मक	ऋणात्मक	10-20	0-10
संबद्ध देश		***	***	***	***
आयातों का पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती राशि	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती रेंज	% रेंज	ऋणात्मक	ऋणात्मक	10-20	0-10

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
कास्टिक सोडा (लाई एवं फ्लैक्स)					
घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति	रू./मी.ट.	***	***	***	***
चीन जन. गण.	रू./मी.ट.	***	***	***	***
आयातों का पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती राशि	रू./मी.ट.	***	***	***	***

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती रेंज	% रेंज	5-15	ऋणात्मक	0-10	ऋणात्मक
कोरिया गण.		***	***	***	***
आयातों का पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती राशि	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती रेंज	% रेंज	ऋणात्मक	ऋणात्मक	ऋणात्मक	ऋणात्मक
संबद्ध देश		***	***	***	***
आयातों का पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती राशि	रू./मी.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती रेंज	% रेंज	0-10	ऋणात्मक	ऋणात्मक	ऋणात्मक

75. उक्त तालिका से प्राधिकारी नोट करते हैं कि दोनों ग्रेड (ले और फ्लेक/ठोस) की दृष्टि से कास्टिक सोडा के आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत से अधिक थी । घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि प्राधिकारी को कीमत कटौती ज्ञात करने के लिए मालभाड़ा और कमीशन शामिल करना चाहिए क्योंकि आयातों में ही ये खर्च शामिल हैं । तथापि, प्राधिकारी पूर्ववर्ती प्रक्रिया के अनुसार चले हैं और इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि संबद्ध देशों से आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से अधिक है जिससे यह सिद्ध नहीं होता है कि आयातों से घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना नहीं है । चूंकि मूल शुल्क संदर्भ कीमत में था, इसलिए पाटनरोधी शुल्क सहित कटौती असंगत है ।

<u>कम कीमत पर बिक्री</u>

76. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कम कीमत पर बिक्री क्षति के आकलन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है । क्षति रहित कीमत ज्ञात की गई है और कम कीमत पर बिक्री की मात्रा का पता लगाने के लिए संबद्ध वस्तु की पहुंच कीमत के साथ उसकी तुलना की गई है । क्षति रहित कीमत का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।।। के अनुसार पीओआई के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर विचार करते हुए किया गया है । दोनों देशों के लिए एनआईपी पर संबंधित निर्यात मात्रा के ले और फ्लेक के भारित औसत के आधार पर विचार किया गया है । विश्लेषण से पता चलता है कि संबद्ध आयातों का पहुंच मूल्य क्षति रहित कीमत से अधिक था, परिणामस्वरूप ऋणात्मक कम कीमत पर बिक्री हुई है जैसा नीचे तालिका से देखा जा सकता है ।

विवरण	**यू ओ एम**	**चीन जन. गण.**	**कोरिया गण.**
	जांच अवधि		
घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत	अम.डा./ मी.ट.	***	***
पाटनरोधी शुल्क रहित पहुंच मूल्य	अम.डा./ मी.ट.	***	***
पाटनरोधी शुल्क रहित कम कीमत पर बिक्री	अम.डा./ मी.ट.	***	***
पाटनरोधी शुल्क रहित कम कीमत पर बिक्री	%	***	***
पाटनरोधी शुल्क रहित कम कीमत पर बिक्री	रेंज %	ऋणात्मक	ऋणात्मक

कीमत ह्रास और न्यूनीकरण

77. प्राधिकारी ने इस बात की जांच की है कि क्या आयातों का प्रभाव भारत में समान वस्तु की कीमतों में ह्रास करना था या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना था जो अन्यथा हो गई होती । विस्तृत विश्लेषण नीचे तालिका से देखा जा सकता है :

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	इकाई
लाई					
बिक्री की लागत	रू./मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	144	168	162
निवल बिक्री कीमत	रू./मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	160	203	188
पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	180	206	204
फ्लैक्स/ठोस					
बिक्री की लागत	रू./मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	142	156	146
निवल बिक्री कीमत	रू./मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	153	190	176
पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	132	125	137

78. प्राधिकारी उक्त तालिका से नोट करते हैं कि लाई के मामले में बिक्री की लागत 100 से बढ़कर 162 हो गई है जबकि बिक्री कीमत 100 से बढ़कर 188 हो गई है और पहुंच कीमत 100 से बढ़कर 204 गई है जिससे पता चलता है कि कोई कीमत ह्रास नहीं हुआ है । फ्लैक/ठोस के मामले में बिक्री लागत 100 से बढ़कर 146 हो गई है जबकि बिक्री कीमत 100 से बढ़कर 176 हो गई है और पहुंच कीमत 100 से बढ़कर 137 हो गई है जिससे पता चलता है कि कोई कीमत ह्रास नहीं हुआ है ।

घरेलू उद्योग के अन्य आर्थिक मापदंडों की जांच

79. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक मापदंडों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा । घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच से यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है । घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर निम्नानुसार चर्चा की गई है ।

उत्पादन, क्षमता और क्षमता उपयोग

80. घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्राएं निम्नानुसार हैं :-

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
स्थापित क्षमता	मी.ट.	8,82,820	8,82,820	8,82,820	8,82,820
उत्पादन	मी.ट.	7,67,406	7,72,521	7,51,212	7,64,581
क्षमता उपयोग	%	86.93	87.51	85.09	86.61
कुल बिक्री	मी.ट.	6,74,436	6,83,393	6,67,864	6,87,659
लाई बिक्री	मी.ट.	4,87,315	5,16,706	5,00,033	5,18,213
फ्लैक्स/ठोस बिक्री	मी.ट.	1,87,121	1,66,687	1,67,831	1,69,446

81. प्राधिकारी उक्त तालिका से नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद की क्षमता समान स्तर पर बनी हुई है । घरेलू उद्योग का उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्रियां क्षति अवधि के दौरान कमोवेश समान स्तर पर बनी रही हैं ।

लाभ/घाटा, निवेश पर आय और नकद प्रवाह

82. निवेश पर आय ब्याज के पूर्व और पश्चात लाभ/घाटा और नकद लाभ को नीचे तालिका में दर्शाया गया है :

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
कर पूर्व लाभ	रू./मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	486	981	785
नकद लाभ	लाख रू.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	216	358	308
पीबीआईटी	लाख रू.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	357	651	533
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	लाख रू.	100	339	631	539

83. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के लाभ में 2012-13 तक काफी सुधार हुआ है और उसके बाद जांच अवधि में मामूली गिरावट आई है । नकद लाभों और नियोजित पूंजी पर आय में भी लाभ जैसी प्रवृत्ति रही है । घरेलू उद्योग ने यह दलील दी है कि जांच अवधि में नियोजित पूंजी पर आय तर्कसंगत स्तर से कम थी । तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान समग्र रूप से लाभ अधिक है ।

माल सूची

84. घरेलू उद्योग की मालसूची निम्नांकित तालिका के अनुसार रही है । यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग की मालसूची का स्तर जांच अवधि में गिरावट के बावजूद क्षति अवधि में बढ़ा है ।

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
औसत स्टॉक	मी.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*106*	*201*	*165*

रोजगार और मजदूरी

85. घरेलू उद्योग का रोजगार और मजदूरी का स्तर नीचे तालिका में दर्शाया गया है । यह देखा गया है कि मजदूरी में सामान्य मजदूरी वृद्धि प्रदर्शित हुई है और रोजगार में मामूली गिरावट आई है ।

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
रोजगार	संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	98	98	99
मजदूरी	लाख रूपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	104	104	123

उत्पादकता

86. घरेलू उद्योग की उत्पादकता नीचे तालिका में दर्शायी गई है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता क्षति अवधि के दौरान उत्पादन से सुमेलित रही है और क्षति अवधि समान स्तर पर बनी हुई है ।

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
प्रति दिवस उत्पादकता	मी.ट./सं.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	104	101	103
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	मी.ट./दिवस	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	100	101	98	100

पाटन मार्जिन की मात्रा

87. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों का पाटन मार्जिन ऋणात्मक है ।

वृद्धि

88. घरेलू उद्योग की वृद्धि में 2012-13 तक कीमत मापदंडों में सकारात्मक प्रदर्शन रहा है और जांच अवधि में गिरावट आई है जबकि मात्रात्मक मापदंड क्षति जांच अवधि के दौरान कमोवेश समान स्तर पर रहे हैं ।

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि					
उत्पादन	%	-	0.67	(2.76)	1.78
घरेलू बिक्री मात्रा लाई	%	-	5.42	(3.07)	3.69

विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	जांच अवधि
औसत स्टॉक लाई	%	-	(11.33)	153.81	(20.89)
घरेलू बिक्री की लागत	%	-	44.03	16.60	(3.55)
घरेलू बिक्री कीमत लाई	%	-	60.02	26.59	(7.39)
घरेलू बिक्री मात्रा फ्लैक्स	%	-	(10.18)	(4.67)	0.14
औसत स्टॉक फ्लैक्स	%	-	5.42	22.91	(11.19)
घरेलू बिक्री मात्रा फ्लैक्स	%	-	42.26	9.51	(6.13)
घरेलू बिक्री कीमत फ्लैक्स	%	-	53.27	23.69	(7.23)
नियोजित पूंजी पर आय (एनएफए आधारित)	%	-	7.30	9.01	(2.96)

पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

89. पाटन की स्थिति में घरेलू उद्योग द्वारा पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता को घरेलू उद्योग के घटकों के बहु उत्पाद कंपनियां होने के कारण असंगत समझा गया है।

क्षति का समग्र आकलन

90. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयातों की मात्रा में समग्र रूप से तथा भारत में उत्पादन और खपत की दृष्टि दोनों तरफ से क्षति अवधि में गिरावट आई है। कीमतों पर आयातों के प्रभाव के संबंध में प्रतिवादी निर्यातकों और असहयोगी निर्यातकों के आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और क्षति रहित कीमत से अधिक रही थी जिसके परिणामस्वरूप ऋणात्मक कीमत कटौती और कम कीमत पर बिक्री प्रदर्शित हुई।

क्षति और क्षति मार्जिन की मात्रा

91. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के अनुसार घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु की क्षति रहित कीमत निर्धारित की है। इस प्रकार निर्धारित क्षति रहित कीमत की तुलना जांच अवधि के दौरान क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए संबद्ध देशों से निर्यातों के पहुंच मूल्य के साथ की गई है जो निम्नानुसार है :-

क्षति मार्जिन तालिका

क्षति मार्जिन तालिका

देश	उत्पादक/निर्यातक	क्षति रहित कीमत अम.डॉ./डीएमटी	पहुंच कीमत अम.डॉ./डीएमटी	क्षति मार्जिन अम.डॉ./डीएमटी	क्षति मार्जिन (%)	क्षति मार्जिन रेंज (%)
कोरिया गण.	हान्वा कैमिकल कॉर्पो. (उत्पादक) – हान्वा कॉर्पो. और ट्रिकॉन एनर्जी लि. (निर्यातक)	***	***	***	***	(10-20)
	कोई अन्य समूह	***	***	***	***	5-10
चीन जन.गण. देश	शंघाई क्लोर अल्कली (उत्पादक) और ट्रिकोन ओवरसीज (निर्यातक)	***	***	***	***	(0-10)

	तियानजिन डागू (उत्पादक) तथा ट्रिकोन एनर्जी लि. या ट्रिकोन ओवरसीज (निर्यातक)	***	***	***	***	(0-10)
	अन्य कोई संयोजन	***	***	***	***	5-15

कारणात्मक संबंध

92. नियमावली में प्राधिकारी के लिए पाटित आयातों और पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संबंध की जांच करना अधिदेशित है। प्राधिकारी ने इस बात की जांच की है कि क्या निम्नलिखित ज्ञात कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है जो निम्नानुसार है :

i. पाटित कीमतों पर नहीं बेचे गए आयातों की मात्रा और मूल्य : प्राधिकारी नोट करते हैं कि अनेक अन्य प्रमुख स्रोतों से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लागू है। ईरान से आयातों पर पहले पाटनरोधी शुल्क लागू था। तथापि, प्राधिकारी ने यह मानते हुए निर्णायक समीक्षा जांच नहीं की कि ईरान से आयातों की मात्रा कम थी और उसके बढ़ने की कोई खास संभावना नहीं थी। तथापि, यह देखा जाता है कि ईरान से आयातों की मात्रा अब काफी अधिक है। घरेलू उद्योग ने दलील दी है कि ईरान से आयात भी पाटित कीमतों पर हैं और पाटनरोधी शुल्क ईरान से आयातों पर पुन: लगाया जाना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा है और प्राधिकारी के लिए पाटन और क्षति की संभावना पर ध्यान देना अपेक्षित है। अन्य स्रोतों से पाटन पर वर्तमान याचिका में ध्यान नहीं दिया जा सकता।

ii. मांग में कमी : प्राधिकारी नोट करते हैं कि मांग में कोई कमी नहीं हुई है क्योंकि देश में संबद्ध वस्तु की मांग पूरी क्षति अवधि में संगत रूप से बढ़ती रही है।

iii. खपत की प्रवृत्ति : यह नोट किया गया है कि संबद्ध वस्तु की खपत की प्रवृति में ऐसा कोई परिवर्तन नहीं हुआ है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो।

iv. प्रतिस्पर्धा की स्थिति : प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच में ऐसी स्थितियां दिखाई नहीं दी हैं जिनमें प्रतिस्पर्धा या व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं घरेलू उद्योग की दावा की गई क्षति के लिए उत्तरदायी हैं।

v. प्रौद्योगिकी में विकास : प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच में यह पता नहीं चला है कि प्रौद्योगिकी में कोई खास परिवर्तन हुआ है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

vi. घरेलू उद्योग का निर्यात कार्य निष्पादन : प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता कंपनियां कुछ मात्रा का निर्यात कर रही हैं। तथापि, क्षति संबंधी सूचना केवल घरेलू प्रचालनों के लिए दी गई है।

vii. घरेलू उद्योग के अन्य उत्पादों का कार्य निष्पादन : प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के अलग रिकॉर्डों को नोट किया। अन्य उत्पादों के कार्य निष्पादन की वजह से घरेलू उद्योग की क्षति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

वास्तविक क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निष्कर्ष :

93. प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती नहीं हो रही है। संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों पर कोई खास कम कीमत पर बिक्री, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण का प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

पाटन और क्षति के जारी रहने/उसकी पुनरावृत्ति की संभावना

घरेलू उद्योग के अनुरोध

94. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं :

i. इस उत्पाद का एक दशक से अधिक के लिए देश में लगातार और पुन: पाटन का काफी लंबा इतिहास रहा है। उत्पाद की कीमत आपूर्तिकर्ता द्वारा मौके पर आयातों के आधार पर निर्धारित की जाती है। भारी वैश्विक आधिक्य को देखते हुए बाजार में पाटन में वृद्धि हुई है। इन परिस्थितियों में इस उत्पाद के ऐसे देशों जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं है, से लिया जा रहा है।

ii. घरेलू उद्योग ने जब भी किसी कारण से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में समस्या हुई है तो निरंतर पाटन का सामना किया है । शुल्क लागू होने के बाद भी आयातों में भारी वृद्धि हुई है ।

iii. पूर्ववर्ती जांचों में भारी पाटन मार्जिन सिद्ध हुआ है । वर्तमान जांच के लिए पाटन मार्जिन भी काफी अधिक है ।

iv. 2002 में आरंभिक गिरावट के बाद आयातों की मात्रा में इतनी अधिक वृद्धि हुई कि वर्ष 2009-10 में रक्षोपाय शुल्क लगाना पड़ा । तत्पश्चात स्थिरीकरण के बाद अब भारी वृद्धि हुई है जिसके संबद्ध देशों के पास उपलब्ध भारी आधिक्य क्षमता को देखते हुए शुल्क समाप्ति की स्थिति में जारी रहने की संभावना है ।

v. हरीमन कैमसुल्ट से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चीन और कोरिया के पास आधिक्य क्षमताएं हैं ।

vi. संबद्ध देशों में मांग के संबंध में आधिक्य क्षमताएं जो उत्पादकों द्वारा निर्मित हैं, उनके निर्यातोन्मुख होने को दर्शाती हैं । इससे शुल्क समाप्ति की स्थिति में भारत में अत्यधिक निर्यात होने की संभावना है ।

vii. चीन और कोरिया दोनों के मामले में तीसरे देशों को संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद के निर्यात के संबंध में निर्धारित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन काफी अधिक पाया गया है । पाटित आयातों का हिस्सा भी काफी अधिक है ।

viii. लंबे समय से पाटित आयातों से घरेलू उद्योग को हुई क्षति स्पष्ट रूप से सिद्ध करती है कि घरेलू उद्योग पटित आयातों से क्षति के प्रति संवेदनशील है ।

ix. इस तर्क के संबंध में कि आयातों में वृद्धि का पाटन या क्षति से कोई सह-संबंध नहीं है । यह अनुरोध किया गया है कि निर्यातक देश में क्षमताओं के संबंध में याचिकाकाकर्ता का दावा हरिमन कैमसुल्ट के आंकड़ों पर आधारित है । निर्यातक देशों से आयातों और निर्यातों के दावे निर्यातक देशों के सीमाशुल्क आंकड़ों पर आधारित हैं । इसलिए याचिकाकर्ता ने अपने दावों को विधिवत रूप से सही ठहराया है । इसके अलावा, निर्यातक का यह तर्क नहीं है कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रदत्त कोई भी आंकड़ा वास्तविक रूप से सही नहीं है ।

x. इस तर्क के संबंध में कि शुल्क की समाप्ति पर भारत को निर्यातों की कोई श्रृंखला होने का कोई साक्ष्य नहीं है, याचिकाकर्ता ने बताया है कि याचिकाकर्ता का दावा सरल व्यावसायिक मान्यता पर आधारित है कि उत्पादक अपने उत्पादन को ईष्टतम बनाना चाहते हैं और हमेशा बाजार अवसरों को देखते रहते हैं । यदि घरेलू उद्योग आयात कीमतों के बराबर कीमतें नहीं रखता है तो भारतीय बाजार में आयातों की बाढ़ आ जाएगी । इस प्रकार की प्रवृत्ति बिल्कुल हाल की अवधि में आयातों से सिद्ध होती है ।

xi. याचिकाकर्ता इस तर्क से सहमत हैं कि कम प्राप्ति के किसी बाजार में बिक्रियों में वृद्धि करने में कोई वाणिज्यिक समझदारी नहीं है जबकि चीनी और कोरियाई उत्पादकों के लिए उच्चतर प्राप्ति वाली वैश्विक मांग उपलब्ध है । तथापि, तथ्य इस तर्क से बिल्कुल अलग है । क्या संबद्ध निर्यातक तीसरे देशों से बेहतर कीमत प्राप्त कर रहे हैं । इस बात का सत्यापन तीसरे देशों को चीन और कोरिया से निर्यातों के सौदेवार ब्यौरे से किया जा सकता है । निर्दिष्ट प्राधिकारी ने निर्णायक समीक्षा की प्रश्नावली में इन अपेक्षाओं को विहित किया है । किसी भी निर्यातक ने निर्दिष्ट प्राधिकारी को यह सूचना नहीं दी है क्योंकि उन्हें डर है कि इस सूचना से यह पता चल जाएगा कि अनेक तीसरे देशों को उनके निर्यात भारत को निर्यात कीमत से कम कीमत पर हुए हैं ।

xii. इस दलील के संबंध में कि घरेलू उद्योग का कार्य निष्पादन उत्साहजनक रहा है जो बिल्कुल संवेदनशील नहीं है । यह बताया गया है कि वर्तमान पीओआई में आयात कीमत में कटौती, कीमत कटौती, लाभ में गिरावट, वर्तमान पीओआई में निवेश पर आय में कमी, निर्यातक देशों में आधिक्य क्षमताएं, अन्य देशों को संबद्ध देशों से निर्यात की वर्तमान प्रवृत्ति समग्र रूप से दशाती है कि घरेलू उद्योग भारी क्षति के प्रति संवेदनशील है । यह बात जांच अवधि के बाद भी सिद्ध हुई है जिसमें संबद्ध देशों और अन्य देशों से आयातों में भारी वृद्धि स्पष्टत: दिखाई दी है ।

xiii. इस तर्क के संबंध में कि संबद्ध देशों से आयात की कीमतें अन्य देशों की तरह समान स्तर पर है । यह बताया गया है कि यह तर्क भी इस बात को सिद्ध करता है कि निर्यातकों के पास अन्य देशों की कीमतों को अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है । ऐसी प्रतिस्पर्धी बाजार दशाओं में जो भी कम कीमत रखता है, उसे आर्डर मिलता है ।

उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध

95. उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पाटन और क्षति की संभावना के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं :-

क. आवेदकों का यह दावा कि इस उत्पाद के पाटन का लंबा इतिहास रहा है और यदि शुल्क हटाया जाता है तो यह पाटन और क्षति जारी रहेगी । संभावना की जांच को ऐसी कल्पना पर अनुमान पर आधारित नहीं किया जा सकता है।

ख. वर्तमान जांच में सहयोगी निर्यातकों का ''पाटन नहीं'' करने का लंबा इतिहास रहा है जिसके द्वारा इस मापदंड को अस्वीकार किया जाना चाहिए ।

ग. आवेदकों का यह दावा कि मूल शुल्क लगाने से आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है, जिसके द्वारा क्षति की संभावना है, पाटन या क्षति में किसी वास्तविक सह-संबंध के बिना है ।

घ. आवेदकों द्वारा समग्र आयातों का प्रदर्शन करना प्राधिकारी को गुमराह करने का प्रयास है । 2006-07 से मात्राओं में स्पष्ट कटौती हुई है और हाल की वृद्धि भी मांग में वृद्धि के अनुरूप रही है ।

ङ. आवेदकों के पास संबद्ध देशों में उत्पादकों/निर्यातकों के पास मुक्त रूप से निपटान योग्य वर्तमान और भावी क्षमताओं के अपने दावे को सही ठहराने का कोई साक्ष्य या वास्तविक स्रोत नहीं है । यदि आधिक्य क्षमताएं होती भी हैं तो यह दर्शाने का कोई साक्ष्य नहीं है कि शुल्क हटने से आधिक्य क्षमताओं का भारत को श्रृंखलाबद्ध निर्यात किया जाएगा ।

च. भारत को निर्यातक की बिक्रियां वर्तमान जांच के पूरे इतिहास के दौरान गैर पाटित उचित कीमतों पर रही है । यद्यपि, निर्यातकों ने शून्य शुल्क मार्जिन रखा है ।

छ. संबद्ध देशों से भारी निर्यात और तीसरे देशों में उनके पाटन के बारे में आवेदक का दावा किसी स्रोत या साक्ष्य के बिना है और इसलिए वह अनुमान है और अस्वीकृत करने लायक है ।

ज. घरेलू उद्योग की संवेदनशीलता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा कोई मात्रात्मक क्षति हुई प्रतीत नहीं होती है । लाभप्रदता अधिक है, कीमतों में लागत से बेहतर वृद्धि हो रही है और ऊपर दिए गए विश्लेषण के अनुसार घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन पर संबद्ध आयातों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है । यह दावा करना गलत है कि घरेलू उद्योग संवेदनशील है जबकि वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में उसका कार्य निष्पादन जबरदस्त रहा है ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

96. वर्तमान जांच चीन जन.गण. और कोरिया गण. से संबद्ध वस्तु के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा है । नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी के लिए यह निर्धारित करना अपेक्षित है कि क्या पाटनरोधी शुल्क को लागू रखना आवश्यक है । इसमें इस बात की जांच करना भी अपेक्षित है कि क्या लागू शुल्क क्षतिकारी पाटन को समाप्त करने के अपने लक्षित प्रयोजन को सिद्ध कर रहे हैं । जहां तक संभावना विश्लेषण का संबंध है, घरेलू उद्योग ने पाटन और परिणामी क्षति की संभावना के अपने तर्क को संबद्ध देशों में मांग के संदर्भ में आधिक्य क्षमताओं के आधार पर आधारित किया है जिससे उनका निर्यातोन्मुख होना और भारतीय बाजार का कीमत आकर्षक होना प्रदर्शित होता है ।

चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य में आधिक्य क्षमता

97. किसी स्वतंत्र स्रोत हरीमन केमसुल्ट लि. 2010 से घरेलू उद्योग क्षरा प्राप्त आकड़ों/साक्ष्यों से यह देखा जाता है कि चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य के पास भारत में मांग की तुलना में कास्टिक सोडा की भारी आधिक्य क्षमता है।

भारतीय बाजार का कीमत आकर्षण

98. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कोरिया गणराज्य और चीन जन. गण. से प्रतिवादी उत्पादक/निर्यातकों के संबंध में जाँच अवधि में पाटन और क्षति मार्जिन ऋणात्मक है। प्राधिकारी ने नोट किया कि कोरिया गणराज्य के प्रतिवादी उत्पादकों/निर्यातकों के संबंध में पूर्ववर्ती जाँच में शुल्क शून्य था। अत: पुराने शुल्क को जारी रखने की संभावना का निर्धारण करने का प्रश्न नहीं उठता है। तथापि, जाँच अवधि में कोरिया गणराज्य से प्रतिवादी उत्पादकों/निर्यातकों से इतर स्रोतों से पाटित आयात जारी हैं और अन्य स्रोतों के संबंध में पाटन मार्जिन काफी अधिक है। प्राधिकारी ने कोरिया

गणराज्य के संबध में संभावना संबंधी विश्लेषण किया है ताकि यह देखा जा सके कि क्या शुल्क हटाये जाने से उत्पाद का पाटन होना जारी रहने की संभावना है। तथापि, यह भी देखा गया है कि वर्ल्ड ट्रेड एटलस आंकड़ों के अनुसार कोरिया गणराज्य से भारत जैसी अर्थव्यवस्थाओं जैसे थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका आदि को औसत निर्यात कीमत भारत को औसत निर्यात कीमत से काफी कम है। अत:, कोरिया गणराज्य से प्रतिवादी उत्पादकों/निर्यातकों से इतर स्रोतों से निर्यातों के पाटित कीमतों पर भारत में निर्यात किए जाने की संभावना है। जहां तक चीन का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रतिवादी उतपादकों/निर्यातकों के संबंध में जाँच अवधि में पाटन और क्षति मार्जिन ऋणात्मक है और इन उत्पादकों/निर्यातकों ने पूर्ववर्ती जाँच में उत्तर नहीं दिया है। तथापि, जाँच अवधि में चीन से प्रतिवादी उत्पादकों/निर्यातकों से इतर स्रोतों से पाटित आयात जारी हैं और अन्य स्रोतों के संबंध में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन काफी अधिक है। वर्ल्ड ट्रेड एटलस आंकड़ों में दर्शाया गया है कि जाँच अवधि के दौरान चीन से वैश्विक रूप से विभिन्न देशों को औसत कीमत *** अम. डा. प्रति किग्रा. रही थी, जो भारत को चीन से औसतन निर्यात कीमत (*** अम. डा.) से कम थी। आंकड़े दर्शाते हैं कि चीन से अधिकांश देशों जिनकी अर्थव्यवस्था भारत जैसी है जैसे फिलीपीन्स, सिंगापुर, इंडोनेशिया, थाईलैंड आदि निर्यात भारत को औसत निर्यातक कीमत से और भी कम कीमत पर किया गया है। अत:, चीन जन. गण. से प्रतिवादी उत्पादकों/निर्यातकों से इतर स्रोतों से निर्यातों के पाटित कीमतों पर भारत में निर्यात किए जाने की संभावना है।

झ. <u>भारतीय उद्योग के हित तथा अन्य मुद्दे</u>

99. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का प्रयोजन, सामान्यत:, पाटन की अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं घरेलू उद्योग को कारित की जा रही क्षति का उपशमन करना है जिससे कि भारतीय बाजार में मुक्त और पक्षपात रहित प्रतिस्पर्धा पुन: स्थापित की जा सके जो देश के सामान्य हित में है। पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण संबद्ध देश से आयातों को किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं करेगा और इसलिए उपभोक्ताओं को इस उत्पाद की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी।

100. ऐसा माना जाता है कि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण संबद्ध वस्तु का प्रयोग करके विनिर्मित उत्पाद के कीमत स्तर को प्रभावित करेगा और इसके परिणामस्वरूप इस उत्पाद की संगत प्रतिस्पर्धात्मता पर कुछ प्रभाव पर अवश्य पड़ेगा। तथापि, पाटनरोधी शुल्क द्वारा भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा कम नहीं होगी, खासकर तब जब पाटनरोधी शुल्क का उद्ग्रहण घरेलू उद्योग को क्षति का प्रशमन करने के लिए आवश्यक राशि तक प्रतिबंधित हो। इसके विपरीत, पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण पाटन की प्रक्रियाओं द्वारा अर्जित अनुचित लाभ दूर करेगा, घरेलू उद्योग के निष्पादन में आने वाली गिरावट को कम करेगा और संबद्ध वस्तु के उपभोक्ताओं को व्यापक विकल्प की उपलब्धता बनाए रखने में सहायता करेगा।

ट. <u>प्रकटन विवरण के बाद हितबद्ध के अनुरोध</u>

ट.1 <u>प्रतिवादी हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रकटन विवरण के बाद के अनुरोध</u>

101. प्रतिवादी हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए प्रकटन विवरण के बाद के अनुरोध संक्षेप में निम्नानुसार हैं :-

i. वर्तमान जाँच में उपलब्ध कराई गई अगोपनीय याचिका ने लागत से संबंधित कोई सूचना सार रूप में प्रकट नहीं की गई है। याचिका के लागत खंड के भाग के रूप में कोई सूचीबद्ध या रेंज आंकड़ें उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

